

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-315 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 31 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## महाकुंभ भगदड़ के बाद यूपी सरकार का फैसला, मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित, वीवीआईपी पास भी किए गए रद्द



प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के बाद पांच मुख्य बदलाव किए हैं। महाकुंभ नगर को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है यानि किसी भी तरह के वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान के लिए मेला क्षेत्र में करोड़ों श्रद्धालुओं के उमड़ने के दौरान भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। घटना को लेकर सरकार ने बताया कि संगम तट पर पहुंचने की कोशिश में श्रद्धालुओं के बैरिकेड्स को धक्का दिए जाने के कारण भगदड़ मची। इस हादसे के बाद, राज्य सरकार ने पांच प्रमुख बदलावों का फैसला किया, जिन्हें प्रशासन ने लागू कर दिया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों को सख्त वर्जित कर दिया गया है और पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन में तब्दील कर दिया गया है।मेला क्षेत्र में वीवीआईपी पास को रद्द कर दिया गया है। किसी भी स्पेशल पास वाहनों को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की गई है। शहर में भीड़भाड़ को कम करने के लिए पड़ोसी जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमाओं पर ही रोका जा रहा है।

### महाकुंभ मेले में पंडालों को लगी आग, मचा हाहाकार

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ मेले से बड़ी खबर सामने आ रही है। कल ही अभी भगदड़ का दुखद समाचार सामने आया था और आज गुरुवार को आग लगने का पता चला है। मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में कई पंडाल जल गए हैं। जहां आग लगी है, वहां पब्लिक नहीं थी, इसलिए जनहानि की सूचना नहीं है। सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंच गए हैं। हालांकि, आग किस वजह से लगी। अभी तक क्लियर नहीं हो पाया है। इससे पहले, 19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक और आग लगने की घटना हुई थी। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में स्थित गीता प्रेस के कैंप में आग लगी, जिससे करीब 180 कॉटेज जलकर राख हो गए। इन कॉटेजों में रखे 13 एलपीजी सिलिंडर भी आग की चपेट में आकर फट गए, जिससे अफरातफरी मच गई।

### महाकुंभ हादसे की जांच : न्यायिक आयोग ने शुरू किया काम

लखनऊ (आरएनएस)। महाकुंभ 2025 के दौरान मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को प्रयागराज में हुई भगदड़ की घटना की जांच हेतु गठित न्यायिक आयोग ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी। आयोग के सदस्य 10 जनपथ लखनऊ स्थित अपने कार्यालय में पहुंच गए हैं। इस संदर्भ में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है जिसके अनुसार, राज्यपाल की राय है कि 29 जनवरी को महाकुंभ, प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दौरान मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना तथा उक्त घटना में कतिपय श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं गंभीर रूप से घायल होने की घटना के संबंध में लोकहित में जांच कराना आवश्यक है। इसलिए राज्यपाल द्वारा जांच आयोग अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भारत का खोया हुआ भाई लगता है जापान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### हर काल और हर युग में भारत और जापान के संबंध रहे हैं बेहतर जापान और भारत में शोषण नहीं दोहन की भावना से होता है काम




भोपाल (निप्र) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान और भारत की कई अनुकूलताएं समान हैं। यहाँ की सूर्यनारायण संस्कृति हो या गौतम बुद्ध के बताये मार्ग, दोनों ही देशों में समान रूप से दिखाई देते हैं। इन दोनों देशों की आत्मीयता देखकर यह भी कहा जा सकता है कि जैसे भारत और जापान दो बिछड़े भाई हों। जापान जीवन के प्रति आस्था का प्रतीक भी है। यहाँ के नागरिकों से काम की गुणवत्ता, कर्त्तव्यनिष्ठा और कर्मशीलता के साथ ही जीवन को आनंद के साथ जीने की सीख मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार को ओसाका में उद्योगपतियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ इंटरेक्टिव सत्र को संबोधित कर रहे थे।

#### जापान के उद्योगों के लिये मध्यप्रदेश में निवेश के हैं अच्छे अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा सरप्लस, प्रचुर खनिज संसाधन, क्लीनेस्ट राज्य और देश के दूसरे बड़े शहरों से आवागमन के साधनों से अच्छी तरह कनेक्टेड है, साथ ही राज्य में उद्योग-मित्र नीतियां लागू की गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज डबल-डिजिट की विकास दर से आगे बढ़ रहा है। इसलिए, जापान की आधुनिकतम तकनीकों से संपन्न उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने ओसाका के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अगर उद्योगपति बड़ा मन लेकर आते हैं तो हम उनके सपनों को पंख देने के लिये तत्पर हैं। उन्होंने सभी निवेशकों को भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने जा रही गलोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीत 'अपने लिये जिये तो क्या जिये....' को उद्धृत करते हुए कहा कि उद्योगपित मात्र अपने व्यापारिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों के जीविकोपार्जन में सहयोग कर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान और भारत के जीवन मूल्य एक जैसे ही हैं। हमारे यहां श्रमिकों के कल्याण की भावना के साथ उद्यमिता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश और निवेशकों के साथ हम कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हम आपके सपनों को उड़ान देने को तैयार हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान हर संकट और हर दौर में हमारे साथ खड़ा रहा है। इसलिए हमारे देश एवं प्रदेश में जिन जापानी उद्योग समूहों ने निवेश किया वह हमारे निकट मित्र बन कर आज भी हमारे साथ हैं। हम अपनी 25 से अधिक नीतियों के साथ निवेशकों को लाभ देने के लिए जापान के सभी उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि हम निवेश के इच्छुक उद्यमियों के लिए और भी नीतियां लागू कर सकते हैं।

संसद का बजट सत्र

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

### 1 फरवरी को पेश होगा बजट, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वां बजट



नई दिल्ली (ए)। संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।बजट सत्र में सरकार ने वक्फ (अमेंडमेंट) बिल के अलावा तीन नए बिल को सूचीबद्ध किया है। वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है।

### घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने पर हो विचारः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की शीर्ष अदालत ने घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा और नियमन के लिए कानून बनाने की सिफारिश करते हुए केंद्र सरकार से कहा है कि घरेलू कामगारों के नियमन और सुरक्षा के लिए कानूनी उपाय सुझाए जाएं। इसके लिए समिति गठित की जाए, साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने समिति से छह महीने में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने घरेलू कामगारों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और संबंधित मंत्रालयों को निर्देश जारी किए। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कानून लाने का प्रयास करना चाहिए।

## पन्ना सीमेंट फैक्ट्री हादसे में चार मजदूरों की मौत की पुष्टि, बचाव कार्य जारी



पन्ना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिला स्थित जेके सीमेंट के एक प्लांट में गुरुवार सुबह हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 15 अन्य मजदूर घायल हैं जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।पन्ना जिले के पवई के सिमरिया थाना क्षेत्र में पगारा में फैक्ट्री के निर्माणाधीन हिस्से का स्लैब गिरने से मलबे के नीचे बड़ी संख्या में मजदूर दब गए जिनमें से चार की मौत हो गई है। घायल 15 मजदूरों को उपचार के लिए कटनी जिला चिकित्सालय भेजा गया है। सुबह जिस समय यह हादसा हुआ, वहां बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। कई मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार ने हादसे में चार मजदूरों की पुष्टि की है। स्थानीय विधायक प्रहलाद लोधी भी तुरंत मौके पर पहुंच गए।। इस हादसे के बाद स्थानीय सांसद और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन को घायलों को बेहतर उपचार दिलाने के निर्देश दिए।सुबह शुरू हुआ राहत कार्य देर शाम तक जारी रहा। मलबे के नीचे दबे मजदूरों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। किसी को भी संयंत्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं है। सीमेंट प्लांट के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा रहे और संयंत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के परिजन भी चिंतित दिखे। यह हादसा कैसे हुआ इसके बारे में प्लांट के अधिकारी मौन हैं। फिलहाल यही कहा जा रहा है कि निर्माणाधीन हिस्से का स्लैब अचानक ढह गया और वहां काम कर रहे मजदूर बड़ी संख्या में दब गए।

### रिटायरमेंट के बाद भी जज सुना सकेंगे फैसले, SC ने दी सेवानिवृत्त जजों को रखने को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर के हाई कोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। अब सभी हाई कोर्ट को यह अधिकार मिल गया है कि वे सेवानिवृत्त जजों को एडहॉक (अस्थायी) जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कर सकते हैं। हालांकि इससे पहले, अप्रैल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में कहा था कि सिर्फ उन्हीं हाई कोर्ट में एडहॉक जजों की नियुक्ति की जा सकती है जहां रिक्तियों की संख्या 20 प्रतिशत से कम हो। लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस शर्त को हटाते हुए उस आदेश के प्रभाव को अस्थायी रूप से स्थिगत कर दिया है। इस खास पहल से हाई कोर्ट में लंबित पड़े आपराधिक मामलों की संख्या को कम किया जा सकता है।

### महाकुंभ की भगदड़ में नर्मदापुरम के व्यक्ति की मौत

#### देर रात प्रयागराज से मरोड़ा लाए शव, खर्राघाट पर हुआ अंतिम संस्कार

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के शाही स्नान के दौरान हुई भगदड़ में नर्मदापुरम के मरोड़ा गांव निवासी उमेश सराठे की मौत हो गई। वे अपने परिजनों के साथ कुंभ स्नान के लिए गए थे। बुधवार रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ में घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। देर रात में शव को परिजन लेकर आए तथा गुरूवार को नर्मदा तट के खर्राघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### यमुना में जहर पर केजरीवाल के जवाब से संतुष्ट नहीं चुनाव आयोग, 5 सवाल पूछे; आज मांगा जवाब



नई दिल्ली (आरएनएस)। यमुना में जहर मिलाए जाने के दावे पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुरी तरह घिर गए हैं। एक तरफ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है तो दूसरी तरफ चुनाव आयोग भी पूर्व सीएम के जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को सबूतों के साथ जवाब देने के लिए एक और मौका दिया है। चुनाव आयोग ने उनसे 5 सवाल किए हैं। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को कल 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया था।




## केजरीवाल के घर के बाहर स्वाति मालीवाल ने फेंका कचरा, पुलिस ने हिरासत में लिया



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्वाति गुरुवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर कूड़ा गाड़ी लेकर पहुंचीं और पूरा कूड़ा फेंककर प्रदर्शन कर रही थीं।

पुलिस ने जब उन्हें डिटेन किया तो उन्होंने कहा, आज पूरी दिल्ली कूड़े का ढेर बन गई है। मैं यहां अरविंद केजरीवाल से मिलने आई थी। लेकिन पुलिस ने मुझे डिटेन कर लिया है। स्वाति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल के खिलाफ कई पोस्ट किए। पहले पोस्ट में स्वाति ने लिखा, विकासपुरी इलाके में सड़कों पर सालों से कूड़े का ढेर लगा है। लोगों में बहुत गुस्सा है। ये सारा कचरा उठाकर केजरीवाल के घर फेंकने जा रहे हैं। बुरा हाल कर रखा है पूरी दिल्ली का। जो गंदगी और बदबू दिल्लीवासी रोज झेलते हैं, आज वो केजरीवाल झेलेंगे। जनता आ रही है केजरीवाल जी, डरना मत। स्वाति पोस्ट डालने के बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। उनके साथ कुछ महिलाएं भी थीं जो हाथों में बैनर लेकर केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। स्वाति ने दूसरे पोस्ट में लिखा, ये सारा कूड़ा अभी केजरीवाल जी के घर फेंकने जा रही हूं। स्वाति ने इस पोस्ट में कई कूड़े की फोटो भी शेयर की। तीसरे पोस्ट में स्वाति ने लिखा कि 3 ट्रक भरकर कचरा लेकर केजरीवाल जी के घर पहुंचने वाली हूं। केजरीवाल जी, डरना मत.. जनता के सामने आना और देखना क्या हाल बनाया है दिल्ली का। मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल को समझाने का प्रयास किया लेकिन, वो विरोध प्रदर्शन पर अड़ी रहीं। पुलिस के चेताने के बाद भी जब स्वाति मालीवाल नहीं मानीं तो दिल्ली महिला पुलिस ने उन्हें डिटेन कर लिया। इस दौरान मालीवाल ने मीडिया से कहा कि केजरीवाल ने पूरे शहर को कूड़ेदान में तब्दील कर दिया है।

### शादी के लिए 51000 रुपये देगी सरकार, बेटियों के खाते में आएंगे 35 हजार

लखनऊ (आरएनएस)। अब माता-पिता के लिए बेटियों की शादी करने की चिंता दूर हो जाएंगी। जी हां, आप मत्स्य पालक हैं तो आपके लिए एक राहत भरी खबर है। इनकी बेटियों के विवाह के लिए अब रुपये की दिक्कत नहीं आएगी। शादी आपको करनी है, लेकिन 51 हजार रुपये शगुन के रूप में मत्स्य पालक विभाग देगा। इससे पैसे के अभाव में मत्स्य पालकों की बेटियों की शादी नहीं रुकेगी। जनपद में तीन हजार से अधिक मत्सय पालक पंजीकृत है। यह मत्स्य पालक एक बीघे से लेकर आठ बीघे तक के तालाब में मछली पालन करते हैं। इसमें ज्यादातर मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। अब ऐसे लोगों को बेटियों की शादी करने के लिए पैसे की चिंता नहीं सताएगी।

### पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

भोपाल (ए.)। राजधानी के खजूरी सड़क थाना इलाके में भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर उस समय बड़ा हादसा होने से टल गया जब मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को एक ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा फंदा टोल टैक्स के पास सुबह करीब 10.45 बजे हुआ। एक्टीडेंट में उनका वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही की हादसे के समय कार में बैठै जीतू पटवारी सहित अन्य लोगो को चोटें नहीं आई। जानकारी के अनुसार घटना के समय पूर्व मंत्री पटवारी अपनी कार से शहीद दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने टोयोटा फॉर्च्यूनर एमपी-09 डीएल 7060 से भोपाल आ रहे थे। वाहन में जीतू पटवारी सहित उनके पीएसओ, कैमरामैन एवं ड्राइवर भी मौजूद थे। फंदा टोल नाका के पास पीछे से आये ट्रक नंबर एमपी 09 एयएच 7392 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनके वाहनको पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। खजूरी पुलिस ने बताया की घटना के आसपास निर्माण कार्य चलने से एक ही तरफ के रोड से वाहनो का आवागमन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने ट्रक को जप्त करते हुए आरोपी ट्रक ड्राइवर के विमल मीना के खिलाफ धारा 281 बीएनएस एवं धारा 184, 185 मोटर यान अधिनियम के तहत मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।







# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

### मुख्यमंत्री ने जापान से उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सहित वरिष्ठ अधिकारियों से ली जानकारी श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने का किया आग्रह

## मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान से प्रयागराज की घटना के संदर्भ में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा रीवा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सीमा से लगे सभी जिलों में श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था, हेल्पलाइन नंबर सहित उपयुक्त व्यवस्था और अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता



सुनिश्चित की जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से संयम से काम लेने और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुगम व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने वाले स्वयंसेवी तथा सामाजिक संगठनों, सरपंचों, स्थानीय नागरिकों, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मन अत्यंत दुखी है। इस दुर्घटना में मध्यप्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु की पुष्टि हुई है। तीनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दो-दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त नियमानुसार जिला प्रशासन द्वारा शोकाकुल परिवार की हरसंभव मदद की जा रही है। दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## एक फरवरी से प्रदेश के कई शहरों में बारिश के आसार

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं का रुख बदलकर पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी होने लगा है। इसके चलते दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, एक फरवरी से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल सकता है। अधिकतर जिलों में बादल छाएंगे एवं ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

## सौरभ से मिलने लोकायुक्त कार्यालय पहुंची मां, कहा-चिंता मत करो, सब ठीक हो जाएगा

भोपाल(आरएनएस)। गोल्ड-कैश कांड में गिरफ्तार सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह को कोहफिज़ा थाने के हवालात में रखा गया है। गत दिवस सुबह अचानक सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा उससे मिलने लोकायुक्त कार्यालय पहुंच गई। उन्होंने बेटे से मिलने की जिद की। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बाद उन्हें सौरभ शर्मा से मिलवाया गया। बताया जाता है कि वह बैटे को बार-बार दिलासा देती रहीं कि चिंता मत कर, सब ठीक हो जाएगा। सौरभ शर्मा ने बिना किसी का नाम लिए धीरे से उनसे पूछा कि उनेस बात हुई, क्या कह रहे हैं। शरद की भी रिमांड : लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा के एक अन्य साथी शरद जायसवाल को गत दिवस गिरफ्तार करने के बाद विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र की कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे भी चार फरवरी तक रिमांड पर सौंप दिया गया है। सौरभ शर्मा भी चार फरवरी तक रिमांड पर ही है।

## सार्वजनिक जगह पर शराब पीने पर कार्रवाई जारी

भोपाल,(आरएनएस)। पुलिस की टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है। टीम ने पिछले दस दिनों में 36 लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए। अधिकारियों के निर्देशों के बाद पुलिस की टीमों ने शरबा दुकान के आसपास, आम रोड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए पिछले दस दिनों में अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की।

### नगर निगम की टीम ने 62 आवारा कुत्ते पकड़े

भोपाल, (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकडक़र उनकी नसबंदी एव एंटीरेबीज टीकाकरण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में डॉग स्क्वाड ने गत दिवस शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 62 आवारा कुत्तों को पकड़ कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। अमले ने नसबंदी के बाद 57 कुत्तों को वापस उसी जगह छोड़ दिया जहां से उन्हें पकड़ा था। डॉग स्क्वाड ने श्यामला हिल्स, अरेरा कॉलोनी, गोड्क्षवदपुरा, अशोका गार्डन, चांदबढ़, एमपी नगर आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की थी।

### 33 आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेजा गया

भोपाल,(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा आवारा घूमने वाले मवेशियों को पकडक़र कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई जारी है। निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा अमले ने गत दिवस शिकायत पर अमल करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 33 आवारा मवेशियों को पकडक़र कांजी हाउस में भेजा। अमले ने 22 पशुओं को गोशाला भेजा, जबकि एक पशु को आसरा भेजा। हांका पार्टी ने 12 पशुओं को हांकने की कार्रवाई भी की।

### शिविर में 120 सफाई कर्मियों का हुआ चेकअप

भोपाल,(आरएनएस)। आदमपुर छावनी प्रोसेसिंग प्लांट सहित नगर निगम के सभी 15 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। गत दिवस दानापानी स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि लहरी व अन्य चिकित्सकों एवं सहायक दल ने 120 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### पेट से बड़ी आंत तक फैल गया था कैंसर, डॉक्टरों ने छोटी आंत से अमाशय बनाकर बचाई मरीज की जिंदगी

भोपाल, (आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल में गत दिवस दनिया की सबसे दुर्लभ बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। पेट और बड़ी आंत में फैले दुर्लभ कैंसर से जूझ रहे मरीज काा नया अमाशय बनाकर मरीज को नई जिंदगी दी। डॉक्टरों के मुताबिक दुनिया भर के मेडिकल जर्नल्स में अब तक इस तरह के महज 15 केस की रिपोर्ट किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक 44 वर्षीय एक मरीज लंबे समय से पाचन संबंधी परेशानियों से जूझ रहा था। भोजन पचने की जगह मल के रास्ते शरीर से बाहर निकल रहा था। यही नहीं खाना खाने के बाद मरीज को पेट में तेज दर्द भी होता था। मरीज जांच कराने के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचा। यहां कई जांच की गई। जांच रिपोर्ट में पता चला कि मरीज के पेट में दुर्लभ कैंसर है, जो अमाशय से लेकर बड़ी आंत तक फैल गया है। इस बीमारी को मेलिग्नेंट गैस्ट्रोलॉलिक फिस्टुला कहते हैं।

### अब बिजली बनाने में खपाई जाएगी पराली

भोपाल(आरएनएस)। किसानों द्वारा खेतीं में पराली (नरवाई या धान का ठंडल) जलाने से होने वाला वायु प्रदूषण देश के कई हिस्सों में बड़ी समस्या है। वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट को भी इसमें दखल देना पड़ा था। अब मध्यप्रदेश इस दिशा में ठोस कदम उठाने जा रहा है। पराली का उपयेग बिजली बनाने में किया जाएगा। प्रदेश के ताप विद्युत गृहों में खपत होने वाले कोयल के सात प्रतिशत हिस्से के रूप में पराली का उपयोग किया जा सकेगा। इससे कोयला खरीदी में होने वाले खर्च से 1250 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की बचत राज्य सरकार को होगी। किसानों को भी पराली के बदले निर्धारित कीमत के मान से राशि भी मिलेगी। वहीं पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से लोगों को मुक्ति मिलेगी।

## मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा प्रस्तुत हो सकता है मोहन सरकार का दूसरा बजट



भोपाल,(आरएनएस)। मोहन सरकार का दूसरा बजट मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है। बजट सत्र की तिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जापान दौरे से लौटने के बाद निर्धाश्रत कर दी जाएगी। 24-25 फरवरी को भोपाल में गल`बल इन्वेस्टर्स समिट होने के कारण सत्र तीन मार्च सोमवार से प्रारंभ किया जा सकता है। एक अप्रैल से वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रारंभ हो जाएगा। इसके पहले सरकार को विधानसभा से बजट पारित कराना होगा। विभागवार अनुदान की मांगों पर चर्चा कराकर विनियोग की मांगों पर चर्चा कराकर विनियोग विधेयक पारित कराने में लगभग 15 दिन लगेंगे। फिर राज्यपाल की अनुमति से राजपत्र में अधिसूचित करना होगा। मुख्यमंत्री काय्रलय के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के विदेश प्रवास से लौटते ही सत्र की तिथि निर्धारित की जाएगी।



सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में निशातपुरा रेलवे स्टेशन के संबंध में कलेक्टर और डीआरएम के साथ बैठक की।

### ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट के फ़ैसले के संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 27त्न ओबीसी आरक्षण देने के फैसले का विरोध किया गया था। यह कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जीत है। मार्च 2019 में मैंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में मध्य प्रदेश के ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया था। हाई कोर्ट के फैसले ने मेरी तत्कालीन सरकार के निर्णय को एक बार फिर सही साबित किया है। अब मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल सभी स्तर पर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देना सुनिश्चित करना चाहिए।

## गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन-खाद्य मंत्री श्री राजपूत

### समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 28 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल(आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। अभी तक किसानों द्वारा गेहूँ के समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिये ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। अभी तक 28 हजार 677 किसानों ने पंजीयन कराया है।न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला सीहोर में 6122, उज्जैन में 5196, इंदोर में 4580, देवास में 2309, धार में 2286, शाजापुर में 1786, रतलाम में 1147, नर्मदापुरम 730, विदिशा 684, रायसेन 650, भोपाल में 609, राजगढ़ में 451, आगर मालवा में 244, बैतूल में 224, झाबुआ में 210, टीकमगढ़ में 179, मंदसौर में 158, खंडवा में 151, मंडला में 141, खरगौन में 127, नीमच में 91, हरदा में 102, नरसिंहपुर में 86, छतरपुर में 82, मुरैना में 59, सागर में 37, शहडोल में 35, दतिया में 32, निवाड़ी में 29, छिन्दवाड़ा में 28, सीधी में 24, सिंगरौली में 19, श्योपुर में 11, बड़वानी में 9, रीवा में 9, अशोक नगर में 5, सिवनी में 7, उमरिया में 6, अनूपपुर में 5, अलीराजपुर में 4, ग्वालियर में 4, दमोह में 3, बुरहानपुर में 2 डिण्डोरी में 2, सतना में 1 और पन्ना में 1 किसान ने पंजीयन कराया है।

## सौरभ शर्मा के सहयोगी शरद जायसवाल की कोर्ट में पेशी, अदालत ने 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा

भोपाल (आरएनएस)। एमपी के बहुचर्चित परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के सहयोगी शरद जायसवाल को आज कोर्ट ने 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, कल रात शरद की तबियत ख़राब होने पर उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ आज उसके इलाज के बाद आज लोकायुक्त ऑफिस लाया गाया और कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान शरद जायसवाल के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि शरद की तबियत ठीक नहीं है उसे चेस्ट पेन है इसलिए उसे मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जाये, जरुरत पड़ने पर उसका इलाज कराया जाये, जिसपर कोर्ट ने लोकायुक्त को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार आरोपी शरद जायसवाल को चिकित्सा उपलब्ध कराई जाये, उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये।

### -अदालत ने शरद जायसवाल को 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा

शरद जायसवाल के वकील सूर्यकान्त भुजाडे ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि कल रात गिरफ़्तारी के बाद शरद की तबियत ख़राब हो गई थी



उसकी छाती में दर्द हुआ था उसे हमीदिया अस्पताल में चैक अप के लिए ले गए थे जहाँ इलाज के बाद देर रात डिस्चार्ज कर दिया गया आज उसे लोकायुक्त ने कोर्ट में पेश किया जहाँ कोर्ट ने 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ़्तारी को चुनौती देंगे शरद के वकील, बोले वो निर्दोष है शरद के वकील ने कहा पेशी के दौरान भी शरद की तबियत ख़राब हुई जिसपर हमने कोर्ट से मांग की है कि शरद के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाएँ उसे जरूरत पड़ने पर इलाज दिया जाये कोर्ट ने हमारे निवेदन को स्वीकार किया है और लोकायुक्त पुलिस को निर्देश दिए हैं कि शरद के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये। उन्होंने दावा किया शरद निर्दोष है उसके घर से भी छापे में कुछ नहीं मिला, हम इस गिरफ़्तारी को भी अपने जमानत आवेदन में चुनौती देंगे।

### पेशी के दौरान शरद की तबियत खराब होने की बात को सरकारी वकील ने ख़ारिज किया

उधर सरकारी वकील विवेक कौर ने बताया आज शरद जायसवाल को कोर्ट में पेश किया गया, उनके वकील ने जिसपर कोई आपत्ति नहीं की, उनकी आपत्ति शरद के स्वास्थ्य को लेकर थी जिसपर कोर्ट ने लोकायुक्त को निर्देश दिए कि शरद के खान पान और उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए। सरकारी वकील ने पेशी के दौरान शरद की तबियत ख़राब होने की उसके वकील की बात को ख़ारिज कर दिया, उन्होंने कहा शरद खुद मौजूद था उसने ऐसा कुछ नहीं बताया ना ही मेडिकल रिपोर्ट में कोई गंभीर बीमारी का जिक्र है।

## मंत्री स्तर के नेताओं की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई : मुकेश नायक

भोपाल(आरएनएस)। कांग्रेस ने सौरभ शर्मा के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मामले में मंत्री स्तर के नेताओं की गिरफ्तारी की मांग की है। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा किसके संरक्षण में रहा इसकी जांच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सहित देश भर के अन्य नेताओं, मुख्यमंत्री स्तर के नेताओं की गिरफ्तारी पहले होती है। लेकिन मप्र में सौरभ शर्मा के मामले में मंत्री स्तर के नेताओं की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? इससे यह बात सामने आ रही है कि देश में पक्षपात, अन्याय, भ्रष्टाचार ओर देश को लूटने वालों का नापाक संबंध चल रहा है। लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा को रिमांड पर लिया, ईडी की जांच अलग से चल रही है। सरकारी गवाह बनाने की तैयारी हो चुकी है। इससे यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि मामले को रफा-दफा करने की कोशिश हो रही है। नायक ने कहा कि पुलिस को पहले परिवहन मंत्री रहे भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत ओर इस अवधि के दौरान पदस्थ रहे सभी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर्स को पुलिस को गिरफ्तार करना चाहिए। यह गिरफ्तारी सौरभ शर्मा की हिरासत की अवधि के दौरान ही होनी चाहिए, क्योंकि यदि ये बाहर रहे तो जांच प्रभावित होगी। नायक ने कहा कि परिवहन मंत्री रहे गोविंद सिंह राजपूत और भूपेंद्र सिंह को तत्काल एवं इव अवधि में रहे परिवहन आयुक्तों को पुलिस गिरफ्तार करे। पहले ही इनका झूठ पकड़ा गया। यदि वे बाहर रहे तो जांच प्रभावित होगी। नायक ने कहा कि मानसिंह पटेल के मामले में भी मंत्री गोविन्द सिंह का नाम आ रहा है। उन्होंने इन सभी मामलों की जांच निष्पक्ष कराने की मांग की है।

## भारत पर्व 2025 में मध्यप्रदेश की पाककला और संगीत कला की मनमोहक प्रस्तुति




भोपाल(आरएनएस)। दिल्ली स्थित लाल किले में आयोजित भारत पर्व 2025 में गुरूवार को मध्यप्रदेश की पाककला और संगीत कला की मनमोहक प्रस्तुति हुई। 'स्टूडियो किचन शोकेस' में प्रदेश के प्रसिद्ध पकवान गराडू चाट और खोपरा पेटिस का लाइव किचन प्रदर्शन और 'देखो अपना देश' सांस्कृतिक संध्या में जबलपुर के श्री जानकी बैंड की प्रस्तुति हुई।

### स्टूडियो किचन शोकेस

मध्यप्रदेश टूरिज्म के एग्जीक्यूटिव शेफ निशिकांत ने होटल प्रबंधन, खानपान एवं पोषाहार संस्थान, पूसा के तत्वाधान में आयोजित 'स्टूडियो किचन शोकेस' में गराडू चाट और खोपरा पेटिस का सजीव प्रदर्शन किया। सत्र के दौरान शेफ ने व्यंजनों को बनाने की विधि के साथ दर्शकों को इनकी पोषक विशेषताएं और बनाने की सावधानियां भी बताई और दर्शकों की जिज्ञासाओं और प्रश्नों के उत्तर दिए। सत्र के अंत में फूड टेस्टिंग करवाई गई, जिसके माध्यम से दर्शकों को व्यंजनों का स्वाद चखा और पाककला को सराहा।

### 'देखो अपना देश' सांस्कृतिक संध्या

जबलपुर के श्री जानकी बैंड ने सांस्कृतिक संध्या में संगीत प्रस्तुति दी। 'भजो रे रामा हो', 'चंदा चकोर' और 'खूब लड़ी मर्दानी झांसी वाली रानी' की संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसका संयोजन और परिकल्पना देवेंद्र सिंह ग्रोवर तथा संगीत निर्देशन डॉ. क्षिप्रा सुल्हेरे ने किया। सितार पर सुश्री मुस्कान सोनी, गिटार पर सुश्री उन्नति तिवारी और सुश्री माही सोनी, तबला पर सुश्री मनीषा तिवारी और सुश्री मानसी सोनी, ढोलक पर सुश्री श्रेया ठाकुर, सरोद पर सुश्री श्रुति जैन तथा वायलिन पर सुश्री शालिनी अहिरवार ने संगत की। श्री जानकी बैंड बुंदेली लोकगीत, भक्ति संगीत, रविन्द्र संगीत, कबीर वाणी, गुर वाणी, शास्त्रीय और उप शास्त्रीय संगीत के लिए विख्यात है।

## भोपाल बनेगा किंग कोबरा का ब्रीडिंग सेंटर

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश के जंगलों में कोबरा के लिए भोपाल में किंग कोबरा ब्रीडिंग सेंटर बनाए जाने की तैयारी है, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वन विभाग को मप्र से विलुप्त किंग कोबरा को फिर स्थापित किए जाने के लिए कहा था। वन विभाग कर्नाटक से जल्द कोबरा का जोड़ा लाने की तैयारी कर रहा है। सेंट्रल जू अथॉरिटी से सहमति मिल गई है, इन कोबरा को भोपाल के वन विहार में रखा जाएगा और उनकी ब्राडिंग कर उन्हें बाद में जंगलों में छोड़ा जाएगा। वन विभाग के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन शुभरंजन सेन के मुताबिक विभाग द्वारा किंग कोबरा का जोड़ा लाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके लिए सेंट्रल जू अथॉरिटी ने कर्नाटक के जू से किंग कोबरा लाए जाने के लिए अपनी सहमति दे दी है। यह सहमति एनिमल एक्सजेंच प्रोग्राम के तहत मिली है, यह किंग कोबरा कर्नाटक के मेंगलुरु स्थित पिलिकुला बॉयोलॉजिकल पार्क से लाए जाएंगे, किंग कोबरा का जोड़ा लाए जाने के बदले में कनाटक को दो बाघ दिए जाएंगे। सेन ने बताया कि भोपाल के वन विहार में ब्रांडिंग होगी। दस एकड़ में ब्रीडिंग सेंटर तैयार किया जाएगा, ब्रीडिंग सेंटर के चारों तरफ ऊंची दीवार बनाई जाएगी ताकि यह उससे बाहर न निकल सकें। इस ब्रीडिंग सेंटर में तैयार होने वाले किंग कोबरा को बाद में प्रदेशभर के जंगलों में छोड़ा जाएगा।

## एसी कोच में सफर कर रहे परिवार का 1 लाख का माल चोरी



भोपाल(ए)। एसी कोच में सफर कर रहे परिवार को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश ने उनका करीब एक लाख कीमत का माल चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पीड़ित परिवार ने इटारसी जीआरपी से की थी। भोपाल जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया की वह अपने परिवार के साथ जयपुर से हैदराबाद के बीच चलने वाली सुपर फास्ट ट्रेन 12976 के एसी कोच बी-5 में सफर कर रहा था। यात्रा के दौरान रात के समय परिवार वाले सो गये थे। उनकी पत्नि अपना पर्स सिरहाने रखकर सो रही थी। रात के समय ही कोच में घुसे अज्ञात बदमाश ने पर्स पर हाथ साफ कर दिया। भोपाल रेलवे स्टेशन पर जब उनकी नींद खुली तब चैक करने पर सिरहाने रखा पर्स गायब मिला। चोरी गये पर्स में सोने की तीन अंगूठी, चॉदी की पायल, हजारो की नकदी सहित जरुरी दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में सादा चोरी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट जीआरपी इटारसी से की थी। वहॉ जीरो पर कायमी कर केस डायरी भोपाल जीआपी को भेजी गई, केस डायरी आने पर भोपाल जीआरपी ने असल कायमी कर जॉच शुरु कर दी है।

## फिर कूनो के जंगल में आजाद घूमेगी आशा चीता, शावक भी हो सकते हैं साथ

श्योपुर (आरएनएस)। नर चीता अग्नि ओर वायु के बाद अब कूनो नेशनल पार्क के बाड़ों में बंद एक नर और एक मादा चीता को खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। मादा चीता आशा को छोड़े जाने की तैयारी है, क्योंकि आशा पहले भी जंगल में कुछ माह तक रह चुकी है। हालांकि नर चीता कोन सा छोड़ा जाएगा यह स्पष्ट नहीं है। आशा चीता के तीन शावक भी एक सला`स अधिक आयु के हो चुके हैं, ऐसे में चीता स्टियरिंग कमेटी से चच्र कर शावकों को भी जंगल में छोड़ा जा सकता है। ताकि आशा शावकों को जंगल में शिकार के गुर सिखा सकें। कूनो प्रबंधन का कहना है कि चीतों की एक प्रक्रिया के तहत जंगल में छोड़ा जाना तय है, अब मौसम कभी अनुकूल होता जा रहा है ऐसे में जल्द ही ओर चीते छोड़े जाएंगे।

## रतलाम की सड़कों पर कार से स्टंट करते इंदौर के युवाओं का वीडियो

रतलाम (आरएनएस)। रतलाम की सड़कों पर कार से स्टंट करते इंदौर के युवाओं का वीडियो सामने आया है। वे कार की विंडो और छत पर बैठकर बेखौफ स्टंट करते नजर आए। गाड़ियों पर शादी के स्टिकर भी लगे थे। युवाओं ने बीच सड़क पर कारें खड़ी कर दी। इससे ट्रैफ्कि जाम की स्थिति बन गई। इधर, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस एक्शन में आई। गाड़ियों का तलाशते हुए पुलिस शादी समारोह स्थल पर पहुंची। यहां पुलिस ने सभी गाड़ियां जब्त कर ली। हुड़दंग कर रहे युवक वाहनों में विंडो की सीट पर बैठे हुए थे। स्टंटबाजी का ये वीडियो मंगलवार शाम 6.30 बजे का है। ये युवक आबकारी कंपाउंड में किसी शादी में बाराती बनकर आए थे। सभी गाड़ियां इंदौर पासिंग की है। शहीद चौक से लेकर आबकारी कंपाउंड व हाट रोड पर यह युवा खुले आम स्टंट करते नजर आए। राह चलते किसी ने ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## बिजली कंपनी ने 125 वाहन जब्त किए

इंदौर,(आरएनएस)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए कई प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति संबंधित शिकायतों में लगातार कमी आई है। 26 दिसम्बर 2024 को कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में लगभग 7000 शिकायतें मिली थीं, जबकि 27 जनवरी 2025 को यह संख्या घटकर केवल 2645 रह गई, जो कि 62 प्रतिशत की कमी है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है और शिकायत निवारण प्रक्रिया को त्वरित रूप से लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं की संतुष्टित में भी बढ़ोतरी हुई है, जो अब 98 से 99 प्रतिशत तक है। कंपनी का ऊजर्स एप भी उपभोक्ताओं के लिए एक अहम उपकरण साबित हो रहा है, जिसमें हर महीने औसततन 450 से 460 उपभोक्ताओं को साहयता मिल रही है। यह एप स्मार्टफोन में डाउनलोड किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ता आसानी से अपनी बिजली सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पुराने बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। जनवरी महीने में कंपनी ने 125 से अधिक वाहन जब्त किए हैं, जिनमें 122 बाइक, दो ट्रैक्टर और एक कार शामिल है।

## टीबी के 27 मरीजों को वितरित किए गए फूड बॉस्केट




सिंगरौली (आरएनएस)। जिले को टीवी मुक्त बनाने की दिशा में 100 दिवसीय निश्चय अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी के सभागार में कुल 27 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण पूर्व विधायक अमर सिंह, विधायक प्रतिनिधि चितरंगी प्रभात सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक द्वारा सभी मरीजों को निरंतर दवा खाने हेतु प्रेरित किया साथ ही यह भी कहा कि अगर आपके आसपास कोई भी टीबी का संभावित रोगी मिलता है तो उसे जांच हेतु प्रेरित करें। वितरण समारोह में मुख्य रूप से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी चितरंगी डॉ एच एस बैस, प्रवेन्द धर द्विवेदी, महेश बर्मा, मिश्रीलाल गुप्ता ,स्वास्थ्य विभाग के राजकुमार पटेल बीईई चितरंगी, शिवलाल रावत एसटीएलएस,नरहर सिंह प्रभारी एसटीएस चितरंगी, प्रेम सिंह सहित कई क्षय रोगी उपस्थित रहे।

## शाजापुर में कुपोषण, इधर 45 हजार क्विंटल सरकारी गेंहू बर्बाद, अब खाने लायक नहीं

शाजापुर, (आरएनएस)। जिले के दो वेयरहाउस में रखा 4500 टन (45 हजार क्विंटल) सरकारी गेंहू पूरी तरह से खरबा हो गया। खराब हो चुके इस अनाज की अनुमानित कीमत लगभग दस करोड़ रुपये आंकी जा रही है। यह गेंहू अब इंसानों के खाने लायक नहीं बचा है। यह स्थिति तब उत्पन्न हो रही है जब जिले में कुपोषण के कई मामले दर्ज होते रहे हैं, फिर भी भारी मात्रा में अनाज सड़ रहा है। सिविल सप्लाइज कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार दो बार लिखित आदेश देने के बावजूद भी वेयर हाउस संचालकों ने गोदाम नहीं खोला। गत दिवस तहसीलदार मधु नायक टीम के साथ पहुंची ओर कार्रवाई करते हुए गोदाम का ताला खुलवाया। जांच में पाया गया कि हजारों क्विंटल गोदाम में रखा गेहूं खाने योग्य नहीं रह गया है। जिले के भदौनी स्थित भगीरथ वेयरहाउस ओर एबी रोड स्थित भागीरथ एग्रो वेयरहाउस में वर्ष 2020-21 में यह गेंहू संग्रहित किया गया था। मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा यह भंडारण



किया गया था, लेकिन उचित देखरेख और रखरखव के अभाव में यह गेंहू अब पूरी तरह से अनुपयोगी हो चुका है। जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर इस गेंहू की खरीद, परिवहन ओर भंडारण के प्रति किलोग्राम लगभग 30 रुपये खर्च आता है। अब इसे सस्ते दामों में नीलाम किया जाएगा, जिसेस सरकारी खजाने को भारी नुकसान होगा। हय मामला न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता को भी उजागर करता है।

## प्रयागराज कुंभ मेले में ग्राम सुनवाहा की महिला श्रद्धालु की दुःख मृत्यु

छतरपुर(आरएनएस)। प्रयागराज कुंभ मेले में मंगलवार की रात्रि भगदड़ होने से छतरपुर जिले के बक्सवाहा के ग्राम सुनवाहा की निवासी 48 वर्षीय महिला श्रद्धालु श्रीमती हुकमबाई लोधी की दु:ख मृत्यु हो गई है। जिसका शव एंबुलेंस के माध्यम से यूपी शासन प्रशासन द्वारा भेजा जा रहा है।कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल ने महिला की दु:खद मृत्यु होने पर संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर महिला के परिजन को 5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता राशि एवं बीपीएल कार्डधारी होने पर 20 हजार रुपए की राष्ट्रीय परिवार सहायता नियमानुसार स्वीकृत की गई है।

## कोटपा अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही

बुरहानपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 6 के तहत उल्लंघन पाये जाने पर पुष्पक बस स्टैंड परिसर में अमृत तुल्य चाय दुकान पर चाय के साथ सिगरेट पीने की व्यवस्था, धूम्रपान करने वालो को प्रोत्साहित करना आदि पाये जाने पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चालानी कार्यवाही की गई।



कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 6 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना निषेध है। इस दौरान कार्यवाही में पुलिस विभाग से श्री कुशवाह, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर श्याम सेठिया, रविंद्र सिंह राजपूत द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अधिनियम के तहत जांच की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार माह जनवरी में 5 हजार रूपये से अधिक की चालानी कार्यवाही की गई है।

## इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन की निगरानी पीएमओ से 59 गांवों से ली जाएगी जमीन

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन प्रोजेक्ट की निगरानी अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से सीधी की जा हरी है। इस परियोजना के तहत इंदौर जिल में भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी हो चुके हैं। इससे परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, क्योंकि अब इसकी निगरानी परियोजना द्वारा की जाएगी। सांसद शंकर लालवानी ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत 13 जिलों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। महू के गांवों के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए अधिकारी की नियुक्ति का नोटिफिक्रेशन जारी किया गया है, जिससे यह प्रक्रिया जल्दी पूरी हो सकेगी। यह परियोजना 309 किमी लंबी होगी, जो इंदौर से मुंबई को जोडने् के लिए बनाई जा रही है। इसे लेकर 18036 करोड़ रुपए की मंजूरी सितम्बर में मिल चुकी थी। इस नई रेल लाइन से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि औद्योगिक कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। इस परियोजना का 170.56 किमी हिस्सा मध्य प्रदेश में आएगा। इसमें 905 हेक्टेयर भूमि निजी है। मध्यप्रदेश में इस रेल लाइन के तहत बनने वाले 18 स्टेशन में महू, केलोद, कमदपुर, झाड़ी बरोदा और अन्य स्टेशन शामिल हैं। इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट के तहत कुल 309 किमी लंबी रेल लाइन इंदौर से महाराष्ट्र के मनमाड़ तक बिछाई जाएगी। इस परियोजना से लगभग एक हजार गांवों और 30 लाख आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे ने भू-स्वामियों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। प्रोजेक्ट के पूरा होने पर 16 जोड़ी यात्री ट्रेनों का संचालन होगा और शुरुआती वर्षों में 50 लाख यात्रियों के सफर करने का अनुमान है। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन परियोजना के तहत रेलवे को मध्यप्रदेश में पहाड़ों को चीरकर 17.66 किमी लंबी सात सुरगें बनानी होंगी, जिनमें सबसे लंबी सुरंग 6.02 किमी लंबी होगी। महाराष्ट्र में दो सुरंगे बनेंगी, जिनकी कुल लम्बाई 3.50 किमी होगी और इनकी सबसे लंबी सुरंग 2.16 किमी होगी। इस परियोजना मं मध्यप्रदेश में चंबल, नर्मदा देव और गोई नदी पर महत्वपूर्ण ब्रिज बनाना होंगे, जबकि महाराष्ट्र में गिरना, तापी ओर अरुणावती नदी पर बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे। कुल मिलाकर इस प्रोजेक्ट के तहत मध्यप्रदेश में 50 और महाराष्ट्र में 44 बड़े पुल बनेंगे। वहीं, मध्यप्रदेश में 83 और महाराष्ट्र में 47 छोटे पुलों का निर्माण होगा। इसके अलाव ामप्र में 35 ओर महाराष्ट्र में 12 रेल ओवरब्रिज साथ ही मध्यप्रदेश में 62 और महाराष्ट्र में 79 रेल अंडरब्रिज का निर्माण कियाा जाएगा।

# व्यापार समाचार

## कैबिनेट ने बजट से पहले लिए अहम फैसले; इथेनॉल की कीमत बढ़ाई, नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को भी मंजूरी दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। बजट से पहले केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को कई बड़े फैसले लिए हैं। सरकार ने गन्ने से बनने वाले इथेनॉल की कीमत को बढ़ाने और नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय मंत्री ने अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार ने इथेनॉल की कीमत 3 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। अब सरकारी कंपनियां 57.97 रुपये प्रति लीटर की दर पर इथेनॉल खरीदेंगी। फिलहाल ये दर 56.58 रुपये प्रति लीटर है।

सरकार की ओर से इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम के तहत इथेनॉल सप्लाई ईयर (ईएसवाई) 2024-25 को 1 नवंबर,2024 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है।ईबीपी प्रोग्राम के तहत सरकार ने ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) को पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की छूट दी है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य देश में वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही देश के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और कच्चे



तेल के आयात को कम करना है। पिछले दस वर्षों के दौरान (31 दिसंबर, 2024 तक), सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण के परिणामस्वरूप लगभग 1,13,007 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और लगभग 193 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल का प्रतिस्थापन हुआ है।

इसके अलावा कैबिनेट ने 16,300 करोड़ रुपये के परिव्यय नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दे दी है। इसमें सरकारी कंपनियों द्वारा 18,000 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने की उम्मीद है।वैष्णव ने बताया कि मिशन का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता कम करना और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।कैबिनेट द्वारा स्वीकृत नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन में वैल्यू चैन के सभी चरण शामिल होंगे, जिसमें मिनरल की खोज, खनन, लाभकारीकरण, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति शामिल है।यह मिशन देश के भीतर और इसके ऑफशोर क्षेत्रों में जरूरी मिनरल की खोज को तेज करेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिज खनन परियोजनाओं के लिए एक फास्ट-ट्रैक विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया बनाना है। इसके अतिरिक्त, मिशन जरूरी मिनरल खोज के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा और ओवरबर्डन और टेलिंग से इन मिनरल की रिकवरी को बढ़ावा देगा।

### अदाणी पावर का मुनाफा तीसरी तिमाही में 7.4 प्रतिशत बढ़ा, आय में 11 प्रतिशत का इजाफा

अहमदाबाद (आरएनएस)। अदाणी पावर ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर अवधि में सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत बढ़कर 2,940 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 2,738 करोड़ रुपये था।अदाणी पावर ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 6,185 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 5,009 करोड़ रुपये था।कंपनी की आय सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 13,355 करोड़ रुपये थी।

### मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी, मुनाफा 3,500 करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था। अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढ़कर 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 35,163 करोड़ रुपये हो गया है।स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये हो गया।वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है।कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है।मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे।मारुति सुजुकी ने तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में 4,66,993 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 4,29,422 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी ने 99,220 वाहनों का निर्यात भी किया, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक निर्यात है। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 71,785 वाहनों का निर्यात किया था।

## कुंभ यूपी की अर्थव्यवस्था को बूस्टर, 25,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान

### होटल व्यवसायियों, होमस्टे मालिकों, रेस्तरां संचालकों को लाभ

प्रयागराज (ए)। प्रयागराज में संगम के तट पर 45 दिवसीय महाकुंभ मेला, जिसे पहले पूर्ण कुंभ के नाम से जाना जाता था, 13 जनवरी से शुरु होकर 45 दिनों तक चलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जनवरी से 26



फरवरी के बीच 40 करोड़ आगंतुकों के आने का अनुमान लगाया है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 से योगी सरकार को 25,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है, इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक लाभ हो सकता है। इस आयोजन से स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, होटल व्यवसायियों, होमस्टे मालिकों, रेस्तरां संचालकों और खाद्य विक्रेताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, इसमें डाबर, मदर डेयरी और आईटीसी जैसे प्रमुख ब्रांडों द्वारा 3,000 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। आधिकारिक अनुमान है कि 2019 के कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया था, जबकि 2013 के पूर्ण कुंभ में, इस तब इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे। 2016 के उज्जैन कुंभ (सिंहस्थ) में 7.5 करोड़ श्रद्धालु आए थे।उत्तर प्रदेश में योगी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने महाकुंभ के लिए बुनियादी ढांचे से लेकर स्वच्छता तक 549 परियोजनाओं की शुरुआत की है, इसकी लागत 6,900 करोड़ है। 2019 में, 3,700 करोड़ की लागत से 700 परियोजनाएँ शुरू की थीं। राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है कि महाकुंभ मेला बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो जाए।

## प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के दिग्गज, कारोबार की छवि और प्रतिष्ठा सुधारने पर करेंगे काम

नई दिल्ली (ए.)। प्रत्यक्ष बिक्री दद्योग के दिग्गज इस कारोबार की छवि और साख सुधारने समेत इसके समक्ष आने वाली अन्य महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान खोजने को लेकर पर एकजुट होकर काम करेंगे।

देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की अग्रणी संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सदस्य कम्पनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) परिषद की यहां आहूत एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मौजूद ओरिफ्लेम, मोदीकेयर, हर्बालाइफ, एमवे, यूनिसिटी, फोरलाइफ, पीएम इंटरनेशनल, एटॉमी, मॉडेर और यूसाना जैसी प्रमुख कम्पनियों के सीईओ ने सर्वसम्मति से उद्योग की प्रतिष्ठा सुधारने, नैतिक आचरण और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के साथ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर सामूहिक रूप से काम करने का संकल्प लिया।आईडीएसए की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उद्योग के प्रतिनिधियों ने पोंजी और पिरामिड योजनाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की छवि धूमिल करने और लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनकी गाढ़ी कमाई लूट कर रफूचक्कर होने वाली संदिग्ध कम्पिनयों के कारण होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से निपटने पर तत्काल आवश्यकता जताई गई। बैठक में सभी एकमत थे कि इस तरह की गतिविधियां न केवल उपभोक्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि उनका विश्वास भी कम करती हैं तथा इसके अलावा वैध एवं कारोबारी परिदर्शिता भी प्रभावित होती है। दिग्गजो ने ऐसी चुनौतियों से निपटने, उपभोक्ता हितों का संरक्षण, प्रत्सक्ष बिक्री के लिए विश्वसनीय माहौल बनाने तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए भी काम करने पर प्रतिबद्धता जाहिर की।

सीईओ परिषद ने जन जागरण और सरकार के सहयोग से प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र की ब्रांड छवि मजबूत करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाने, सुदृढ़ एआई और डिजिटल दिशानिर्देश विकसित करने, उद्योग के विकास में प्रौद्योगिकीय समावेश और प्रत्यक्ष विक्रेताओं की आजीविका संरक्षण हेतु नीति सृजन पर काम करने का भी निर्णय लिया गया। छवि सुधार को लेकर बैठक में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग को संदिग्ध कम्पनियों से दूर रखने हेतु ठोस उपाय करने तथा जनता को वैध प्रत्यक्ष बिक्री प्रथाओं और उद्योग की विशिष्टता के बारे में जागरूक करने को लेकर अभियान चलाने पर सहमति बनी।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया आठे पैसे की गिरावट के साथ ही 86.63 पर बंद हुआ। आज सुबह फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को स्थिर रखने के बाद शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे गिरकर 86.59 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर खुला और फिर कमजोर रुख के साथ 86.59 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 86.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 107.84 पर था।


### कैबिनेट ने बजट से पहले लिए अहम फैसले; इथेनॉल की कीमत बढ़ाई, नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को भी मंजूरी दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। बजट से पहले केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को कई बड़े फैसले लिए हैं। सरकार ने गन्ने से बनने वाले इथेनॉल की कीमत को बढ़ाने और नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री ने अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार ने इथेनॉल की कीमत 3 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। अब सरकारी कंपनियां 57.97 रुपये प्रति लीटर की दर पर इथेनॉल खरीदेंगी। फिलहाल ये दर 56.58 रुपये प्रति लीटर है।

सरकार की ओर से इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम के तहत इथेनॉल सप्लाई ईयर (ईएसवाई) 2024-25 को 1 नवंबर,2024 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है।ईबीपी प्रोग्राम के तहत सरकार ने ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) को पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की छूट दी है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य देश में वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही देश के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और कच्चे तेल के आयात को कम करना है। पिछले दस वर्षों के दौरान (31 दिसंबर, 2024 तक), सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण के परिणामस्वरूप लगभग 1,13,007 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और लगभग 193 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल का प्रतिस्थापन हुआ है।

इसके अलावा कैबिनेट ने 16,300 करोड़ रुपये के परिव्यय नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को मंजूरी दे दी है। इसमें सरकारी कंपनियों द्वारा 18,000 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने की उम्मीद है। वैष्णव ने बताया कि मिशन का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता कम करना और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## डनबर्ग रिसर्च भंग

अमेरिकी निवेश व अनुसंधान कंपनी हिडनबर्ग रिसर्च ने अचानक अपना कारोबार समेटने का ऐलान कर दिया। कंपनी के संस्थापक नेट एंडरसन ने अपने परिचितों, परिवार व मित्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट पर पर्सनल नोट में लिखा- मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का फैसला किया है।नेट ने कहा यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है। काफी सोच-समझकर लिया गया फैसला है। 2017 में हिंडनबर्ग रिसर्च का गठन करने वाले एंडरसन ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताते हुए, जीवन का मुख्य केंद्र नहीं है कहा। अमेरिकी अकाउंटेंट हैरी माकरेपोलस को अपना रोल मॉडल मानने वाले एंडरसन ने ऐसे वक्त यह घोषणा की है, जब अमेरिका के नये राष्टपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने वाले हैं।

आलोचकों के अनुसार जॉर्ज सोरेस के साथ हिंडनबर्ग के कथित संबंधों व ट्रंप प्रशासन के दबाव का अंदेशा व्यक्त किया है। इस शॉर्ट सेलिंग कंपनी को 2024 में भारतीय बाजार नियामक संस्था सेबी द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। क्योंकि कंपनी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप मढे थे। उससे पहले हिंडनबर्ग ने देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अडाणी पर गंभीर आरोपों द्वारा भारत में सुर्खियां बटोरी थीं।

समूह के मालिक गौतम अडानी पर अपनी ही कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी कर सौ अरब डॉलर कमाने का आरोप था। रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही अडानी ग्रुप को डेढ़ सौ अरब डॉलर का नुकसान होते ही वह विश्व के बीस अतिसमृद्धों की सूची से बाहर हो गए। हिंडनबर्ग की रिपोटरे का हवाला देकर विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार पर हमला बोल दिया था।हिंडनबर्ग ने अमेरिका के अलावा विदेशों की विभिन्न कंपनियों में गैर-कानूनी लेन-देन व वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया, जिससे उनके शेयर्स बुरी तरह ध्वस्त होने से उन्हें जबरदस्त नुकसान झेलना पड़ा। अरबपतियों व कुलीन वर्ग के साम्राज्य को हिलाने की जरूरत पर जोर देने वाली कंपनी के इस फैसले से खुश होने वाले भले ही चुनिंदा हैं मगर हतप्रभ रहने वाले लाखों हैं। असल में यह फैसला उसे क्यों लेना पड़ा, जब तक यह स्पष्ट नहीं हो जाता, हर कोई अपने-अपने कयास लगाता रहेगा। दुनिया भर को अपने निशाने पर रखने वाले एंडरसन ने अभी अपनी भविष्य की योजनाओं के भी स्पष्ट संकेत नहीं दिए हैं। हो न हो, वह बड़ी तैयारी से कुछ अनोखा ही कर दिखाएंगे।

# मंदी के चपेट में आने वाली है भारतीय अर्थव्यवस्था

**सतीश सिंह**

***बजट सप्ताह के पहले दिन यानी 27 जनवरी को शेयर बाजार में निवेशकों को 9.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। विगत कुछ दिनों से निवेशकों को शेयर बाजार में लगातार नुकसान हो रहा है। हालांकि, इसका कारण देश में मंदी की आहट कतई नहीं है। इसका मुख्य कारण अमेरिका के सेंट्रल बैंक द्वारा भारत में बजट पेश करने से पहले नीतिगत निर्णय की घोषणा करने की संभावना, चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप डीपसीक मॉडल की लोकप्रियता में वृद्धि, भारतीय कंपनियों के दिसम्बर तिमाही के नतीजे का अपेक्षित नहीं रहना आदि हैं।***



दरअसल, भू-राजनैतिक संकट, लाल सागर में हूती विद्रोहियों की उपस्थिति आदि के कारण भारत के आयात-निर्यात तथा आपूर्ति श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों में कमी आने के कारण कंपनियों का तिमाही मुनाफा कम हो रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 7 जनवरी 2025 को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी किया और इस अवधि में रियल जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त के दौरान 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रियल जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसार नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9.7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है, लेकिन भारत में जीडीपी गणना एवं लेखा-जोखा रियल जीडीपी के संदर्भ में की जाती है। भारत की अर्थव्यवस्था मूल रूप से खपत आधारित है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुद्रास्फीति के कारण उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता कम हुई है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर बरकरार है, जिसके कारण उधारी दर भी उच्च स्तर पर बनी हुई है।

15 नवम्बर 2024 तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष आलोच्य अवधि में 20.6 प्रतिशत रहा था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। बैंक जमा में आई कमी की प्रतिपूर्ति के लिए बैंक सरकारी बॉन्डस को परिपक्वता तिथि से पहले भुना रहे हैं। फिलवक्त, मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं, लेकिन इसके कई दुष्परिणामों को दृष्टिगत करके मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) और केंद्रीय बैंक, रेपो दर में कटौती करने से गुरेज कर रही है।अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना करें तो हमारी अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर से बहुत ऊपर है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार 2024 में वैंकि जीडीपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही और 2025 में 3.3 प्रतिशत रह सकती है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक वैंकि अर्थव्यवस्था 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भी भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षों में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.7 प्रतिशत रहने और दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने के बाद कुछ अर्थशास्त्री और कुछ देसी एवं वैंकि एजेंसियां भारतीय अर्थव्यवस्था के मंदी के गिरफ्त में आने की बात कर रहे हैं, लेकिन मंदी की परिभाषा के अनुसार जब किसी देश की वृद्धि दर सुस्त पड़ने लगती है, बेरोजगारी दर में इजाफा होता है और महंगाई दर ऊंची बनी रहती है तो वह देश मंदी की गिरफ्त में आ जाता है। यह भी माना जाता है कि किसी देश की जीडीपी में अगर दो तिमाहियों में लगातार गिरावट दर्ज की जाती है तो भी वह देश मंदी की चपेट में आ जाता है।

इस परिप्रेक्ष्य में मंदी के लक्षण भारतीय अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर हो रहे हैं या नहीं इस बात की गहन पड़ताल करने की जरूरत है। जल्दबाजी में यह कहना कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आने वाली है, गलत होगा। कोरोना महामारी के दौरान अप्रैल 2020 में बेरोजगारी दर 23.50 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई थी और सबसे कम सितम्बर 2022 में 6.40 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। अभी मुद्रास्फीति की वजह से न कोई कंपनी बंद हुई है और न ही कामगारों की छंटनी की गई है। बेशक, चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर के घटकर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन विगत 2 तिमाहियों में जीडीपी में गिरावट दर्ज नहीं हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रही है, लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी।

अभी आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आने का एक बड़ा कारण मुद्रास्फीति है और शेयर बाजार में निवेशकों के पैसे डूबने के दूसरे कारण हैं। रेपो दर में एक लंबे समय से कटौती नहीं की गई है, लेकिन रिजर्व बैंक के गवर्नर में बदलाव आने के बाद आगामी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कटौती करने के आसार है। तदुपरांत, उधारी के उठाव और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आएगी। इससे इतर, अभी भी भारत की जीडीपी वृद्धि दर विश्व के प्रमुख देशों और औसत वैंकि विकास दर से ज्यादा है। अस्तु, यह कहना तार्किक नहीं होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी के चपेट में आने वाली है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दुनिया के हर गम से क्यों दूर है संगम ?

**- राकेश अचल**

देश में 144 साल बाद प्रयागराज में हो रहे महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में मारे गए लोगों का संगम को कोई गम नहीं है। संगम से इधर लाशें उठीं और उधर नंग -धडंग साधू,सन्यासी और शंकराचार्य पवित्र शाही स्नान और अमृत स्नान के लिए संगम में कूद पड़े ,किसी के चेहरे पर कोई शोक नहीं ,कोई करुणा नहीं,कोई वेदना नही। सब स्नान के बाद सुखानुभूति करते नजर आ रहे थे। न सरकार विचलित दिखाई दी और न आम जनता। जैसे संगम में कुछ हुआ ही नहीं। जितना बेमिसाल ये महाकुम्भ है उतनी ही बेमिसाल है हमारी हृदयहीनता।

महाकुम्भ में सरकार कहती है कि कुल 30 लोग मारे गए,लेकिन लोगों को इस आंकड़े पर यकीन नहीं है । सरकार इन मौतों के लिए खुद को जिम्मेदार मानती नहीं है ,उसने जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए हादसे की न्यायिक जांच की घोषणा कर दी है। मरने वालों के परिजनों को 25 -25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी कर दी है ,इसलिए कहीं कोई खरखसा नहीं। न मीडिया को ये हादसा कोई हादसा लगा और न धर्म के ठेकदारों को। न कोई निलंबित हुआ और न किसी को हटाया गया। यहां जो भी मौजूद है किसी ने इस हादसे के बाद घर वापसी नहीं की ,खासतौर पार संतों,महंतों और शंकराचार्यों ने । वे तो पूरे कुम्भ में नहा-धोकर ,अमृतपान कर ही अपने डेरों में लौटेंगे । जिन्हें मरना था वे मर गए उनके लिए क्या रोना-धोना ?

कुम्भ में कोई पहली बार तो भगदड़ हुई नहीं है ,पहली बार तो लोग मरे नहीं हैं । पहले भी भगदड़ हई । पहले भी लोग मरे और कोई दस-बीस नहीं 800 लोग तक मरे। तब भी न तत्कालीन मुख्यमंत्री सम्पूर्णान्द ने इस्तीफा दिया ,न वीर भद्र प्रताप सिंह ने और तो और न अखिलेश यादव ने। फिर कोई मौजूदा मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग किस मुंह से कर सकता है ? करना भी नहीं चाहिए ? क्योंकि योगी जी ने थोड़े ही किसी से कहा था कि भगदड़ करो और कुचल मरो ! लोग अपनी मौत मरे हैं। पुण्यभूमि में मरे हैं। उन्हें तो कृतज्ञ होना चाहिए योगी जी का कि उन्होंने लोगों को कुम्भ में मरने का अवसर दिया । मरने वालों को सीधे मोक्ष मिलेगा। इसी मोक्ष के लिए तो नंग - धडंग नागाओं से लेकर सती -सावित्री ममता कुलकर्णी तक जप-तप और कल्पपवास कर रहे हैं।

एक बात अच्छी है कि हम लोग इतने धर्मभीरु हैं कि मरने वालों केलिए टसुए नहीं बहाते । हम मृतकों के परिजनों के लये टसुए बहाने वाले परिजनों को रूमाल खरीदने के लिए 25 -25 लाख रूपये की सहायता दे देते हैं। ये हमारी सरकार की दरियादिली नहीं तो और क्या है? उत्तरप्रदेश की उत्तरदायी सरकार ने मृतकों के शव उनके गृह गांव तक भेजने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कर सचमुच उपकार किया है ,अन्यथा मृतकों के परिजन क्या करते ? उन्हें अपने परिजनों के शव गंगा के हवाले ही करना पड़ते। मरने वाले श्रृद्धालुओं के प्रति ये सद्भाव प्रणम्य है। उत्तर प्रदेश के ही मुलायम सिंह यादव जब केंद्र में रक्षामंत्री थे तब उन्होंने भी सीमा पर शहीद होने वाले जवानों को ससम्मान घर तक भेजने की व्यवस्था की थी। इस महा कुम्भ में मुलायम सिंह की प्रतिमा भी विराजमान है।महाकुम्भ में हुई भगदड़ से उत्तरप्रदेश सरकार को कोई सबक नहीं लेना है ,ये हादसे तो आगे भी होंगे। हादसे होते ही होने के लिए हैं। हादसे न हों तो फिर इस तरह के आयोजनों का अर्थ ही क्या है। हमारे यहां भगदड़ में लोग मरते हैं। मक्का -मदीना में प्यास से भी मरते हैं। जिन्हें जैसे मरना है ,वो पहले से निर्धारित होता है। इसमें हम -आप या सरकार क्या कर सकती है।? बेहतर हो कि अब जहाँ भी कुम्भ हों वहां की सरकारें अभी से एक सुरक्षित और पुख्ता योजना पर काम शुरू कर दें ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो। हादसे रोकने के लिए हमारे पास तमाम तकनीकें भी हैं ,लेकिन ये तब नाकाम हो जातीं हैं जब सरकारें ही धार्मिक उन्माद पैदा करतीं हैं।

आयोजकों को इस तरह के आयोजनों को मेगा इवेंट के रूप में प्रचारित करने से भी बचना चाहिए। बचना चाहिए वीआईपी संस्कृति से। नहीं तो उन्हें ऊपर वाला भी नहीं रोक सकता। हादसों के बाद न्यायिक जांचों की घोषणाओं से जिम्मेदार लोग नहीं मिलने वाले। जब तक जाँच रिपोर्ट आएगी तब तक लोग इस हादसे को भूल चुके होनेग ,हादसों मो भुलाने में चार घंटे भी तो नहीं लगते बचेंगे तो आगे भी हादसे होंगे।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको शुभ सूचना मिलने वाला है । जिससे उत्साह और ऊर्जा महसूस होगी ।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने कार्यों के प्रति व्यस्त रहें। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा कर लेंगे। वर्तमान परिवेश में आपने जो नई नीतियां बनाई है, इस वजह से आपकी काफी समस्याएं हल होंगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करेंगे जिससे अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्ने मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा ।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। दोबारा आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे । प्रयास करने पर कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है। कूरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा। माता जी आपसे कुछ फरमाईस कर सकती है... जिसको पूरा करने पर वह खुश होंगी।

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। अगर किसी प्रकार की कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति अथवा राजनीतिज्ञ के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा। अगर सरकारी अथवा कोर्ट के संबंधी मामला अटका हुआ है तो आज उसमें सफलता मिलने की उचित संभावना है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। विद्यार्थियों को अपनी सोच में और अधिक सकारात्मकता लाने की जरूरत है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा। आज किसी प्रकार की समस्या आपकी सूझबूझ से हल हो जाएगी । आपकी कार्यकुशलता तथा योग्यता की सराहना होगी। आज अपने करियर और पढ़ाई को लेकर सजग रहेंगे ।

मकर राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। यदि किसी वजह से उलझन बनी हुई है, तो आज उससे छुटकारा मिलेगा ।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा । आपका कार्य करने का तथा सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा। बिजनेस की रुकावटें दूर होंगी। इंश्योरेंस और कमीशन के बिजनेस में विशेष सफलता मिलेगी। नौकरी कर रहे लोगों का आज इन्क्रीमेंट होने के चांस है । आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा। आज मेहमान नवाजी में भी समय बीतेगा तथा घर में आए लोगों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार विमर्श करेंगे । इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा, परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

# राजनीति की गहरी परतों से रुबरु कराता पाताल लोक

**पंकज दुबे**

'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है। इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं।

2025 की शुरुआत, दर्शकों के लिए वेब सीरीज़ की दुनिया में एक सुनहरा दौर लेकर आई है। पहले विक्रमादित्य मोटवानी की 'ब्लैक वारंट' ने दर्शकों का मन मोहा, और अब बहुप्रतीक्षित सीरीज़ 'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है।

इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं। इस टकराव के बाद उन्हें नागालैंड की ओर रुख करना पड़ता है, जहां एक बड़ी राजनीतिक और सामाजिक समस्या उभरती हुई दिखाई देती है। कहानी नागालैंड और दिल्ली के बीच घूमती है, जिसके केंद्र में नॉर्थ ईस्ट के एक बड़े लीडर की देश की राजधानी में हुई राजनीतिक हत्या है, जिससे इस कहानी की शुरुआत होती है।

सीरीज़ में तीन मुख्य पहलुओं को गहराई से उजागर किया गया है। पहला है मानवीय संबंधों की जटिलता। इस कहानी में ह्यूमन रिलेशन्स और उनकी बारीकियों पर बहुत गहराई से काम किया गया है। इस कहानी का लेखन और इसकी मेकिंग इसे बस एक फ़िल्मी शो बनाने से बचाती है और ज़मीन से जोड़कर ही नहीं, बल्कि गाड़कर रखती है। फिर चाहे नागालैंड का केस हो और वहां मिले लोग या फिर ज़िंदगी की उथल पुथल में कई बार चक्की में पिसते अनजान और मासूम लोग, सभी किरदारों पर काफी एम्पथी से नज़र डाली गई है।

दूसरा अहम् पक्ष है, 'दोस्ती का महत्व और ताकत'। इस कहानी में किरदारों की दोस्ती और उस दोस्ती की ताकत को काफी वास्तविक तरीके से रेखांकित किया गया है। कहानी के सभी सबप्लॉट्स इतने ज़मीनी और आम ज़िंदगी से जुड़े हुए लगते हैं, जैसे कि तमाम घटनाक्रम अपने आस पास के ही हों।

पाताल लोक की कहानी का तीसरा मज़बूत आयाम है इसके मुख्य किरदार इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी का अपने कर्तव्यों को निभाने का जुनून। वो हमेशा अपनी दाल रोटी चलाने वाली नौकरी और समाज व इंसानियत के प्रति अपनी ड्यूटी को अलग अलग परिभाषित करके जीता है। उसके लिए उसकी प्रतिबद्धता सिर्फ़ ऑफिस तक सीमित नहीं रह कर उसके दिल, उसकी भावना से जुड़े होते हैं और वो बिना अपनी परवाह किये बिना उसे सुलझाने में लगा रहता है।

'पाताल लोक' के क्रिएटर हैं सुदीप शर्मा जो इस ज़बरदस्त कहानी के लेखक भी हैं। सुदीप शर्मा के बारे में ये बता देना ज़रूरी है कि उन्होंने इससे पहले नेटफ़्लिक्स के लिए 'कोहरा' नाम की एक सीरीज़ बनाई थी जो कि पंजाब की पृष्ठभूमि पर थी और काफ़ी सराही गई थी।

बहरहाल, 'पाताल लोक' के औसतन 45 मिनटों वाले आठ एपिसोड्स के निर्देशक हैं अविनाश अरुण द्वारे।

इस सीरीज़ में मुख्य कलाकार हैं जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह, गुलपनाग, तिलोत्तमा शोम, मरेनला इम्सॉन्ग, एलसी सेकहोसे, नागेश कुकुनूर और कई अन्य छोटे बड़े लेकिन सब के सब दिग्गज कलाकार।

जयदीप अहलावत ने फिर से यह साबित किया है कि वे इस समय के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। उनके किरदार, इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी, की संवेदनशीलता और कड़वी सच्चाई को उन्होंने इतनी सजीवता से निभाया है कि दर्शक उनके हर कदम पर साथ चलने को मजबूर हो जाते हैं। उनकी डायलॉग डिलीवरी, हाव-भाव और भावनात्मक गहराई ने शो को और भी यादगार बना दिया है।

उनके आलावा तिलोत्तमा शोम और सह कलाकारों की प्रभावशाली उपस्थिति है। तिलोत्तमा शोम, जो पुलिस अधीक्षक मेघना बरुआ के किरदार में हैं, ने अपने प्रदर्शन से शो को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। उनके दृढ़ और प्रभावशाली किरदार ने कहानी में मजबूती और विश्वसनीयता जोड़ी है। मरेनला इम्सॉन्ग और एलसी सेकहोसे जैसे कलाकारों ने नागालैंड की संस्कृति और उसकी राजनीतिक पृष्ठभूमि को बेहद संवेदनशीलता और सटीकता के साथ प्रस्तुत किया है।

सुदीप शर्मा ने इस बार कहानी को न केवल मनोरंजक बनाया है, बल्कि इसे सामाजिक और राजनीतिक गहराइयों तक भी ले गए हैं। हालांकि नागालैंड की पृष्ठभूमि का चित्रण थोड़ा और बेहतर हो सकता था, लेकिन मुख्य कहानी और किरदारों की मज़बूती इस कमी को ढक देती है। डायरेक्टर ने हर फ्रेम को बारीकी से गढ़ा है। नागालैंड की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय तत्त्व और सामाजिक समस्याओं को दिखाने के लिए सिनेमैटोग्राफी का बेहतरीन उपयोग किया गया है।

'पाताल लोक 2' सिर्फ़ एक क्राइम थ्रिलर नहीं है; यह मानवीय रिश्तों, सामाजिक विषमताओं और हमारी व्यवस्था के अंधेरे पहलुओं की पड़ताल करता है। यह शो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि सच्चाई के कितने पहलू हो सकते हैं और हर इंसान की अपनी कहानी होती है। भारत में आमतौर पर ऐसी फिल्में बनती हैं, जिनमें कलाकारों को एकदम ब्लैक एंड व्हाइट में प्रस्तुत किया जाता है। यानी जो अच्छा है वह हर तरह से अच्छा है और जो बुरा है वह हर तरह से बुरा है। लेकिन चाहे 'ब्लैक वारंट' हो या 'पाताल लोक 2' इनमें कई कैरेक्टर हैं, जिनको आप सिर्फ अच्छे या बुरे की बाइनरी में जज नहीं कर सकते हैं। 'पाताल लोक 2' का मुख्य विलेन बहुत गलत कर रहा होता है लेकिन उसको न्यायसंगत ठहराने की उसके पास बहुत जायज वजह होती है। आम हिंदी फिल्मों या सीरीज की तरह विलेन अपने फायदे या मौज मस्ती के लिए विलेन नहीं है। इसी तरह बेहद बारीकी और सहजता से समलैंगिकता को व्यक्ति की निजी पसंद के तौर पर स्थापित करने का प्रयास भी निर्देशक ने किया है।

इसका संगीत और बैकग्राउंड स्कोर कहानी के साथ पूरी तरह मेल खाता है। हर दृश्य में संगीत ने भावनाओं को और गहराई दी है, खासकर उन दृश्यों में जहां संवाद कम हैं और भावनाएं ज्यादा।

हालांकि शो ने अधिकतर पहलुओं में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन नागालैंड की राजनीतिक पृष्ठभूमि को गहराई से चित्रित करने में थोड़ी कमी महसूस होती है। इसके अलावा, कुछ एपिसोड में कहानी थोड़ी धीमी पड़ती है, जो दर्शकों की धैर्य की परीक्षा ले सकती है।



## महाकुंभ हादसे में गोंडा से आए एक श्रद्धालु की मौत, पत्नी संग पहुंचे थे प्रयागराज

गोंडा ,(आरएनएस)। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में गोंडा से आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। श्रद्धालु की पहचान ननकन कौरी के तौर पर हुई है। मृतक ननकन कौरी अपनी पत्नी समेत 12 लोगों के साथ प्रयागराज में अमृत स्नान करने के लिए पहुंचे थे।

मृतक के भतीजे ने बताया कि कुंभ के दौरान अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ में हम लोगों का साथ छूट गया। हालांकि, जब स्थिति शांत हुई तो हम उन्हें खोजने लगे। हमें जानकारी मिली कि वह घायल हो गए हैं और इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जब अस्पताल पहुंचे तो उन्हें डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था।

महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 25 लोगों की पहचान हुई है। इसमें गोंडा के ननकन भी शामिल है। प्रशासन द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। शव को गोंडा भेजा जा रहा है।वहीं, बलिया से आई एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने बताया कि भगदड़ इतनी भयंकर थी कि हम सभी अलग हो गए। लोग पवित्र स्नान के लिए जा रहे थे और सभी एक ही स्थान से गुजर रहे थे, जिसके कारण टक्कर हो गई। इसमें प्रशासन की गलती है कि नहीं मालूम नहीं। उन्होंने कहा कि जिनके साथ वह बलिया से कुंभ नहाने के लिए आई थी वह बिछड़ गए हैं और पूरी रात उन्होंने सड़क पर गुजारी है। अब बलिया लौटेंगे।

महाकुंभ में हुई भगदड़ पर बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने सहायता राशि देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा , हम राज्य सरकार की ओर से हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा करते हैं। न्यायिक आयोग इस मामले की जांच करेगा।

## अंबाला में बसपा नेता हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

अंबाला (आरएनएस)। अंबाला के नारायणगढ़ में हाल ही में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी सागर को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुठभेड़ अंबाला के एम. महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के पास हुई। सागर का शव छावनी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस के 2 से 3 जवान भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ज्ञात हो कि हाल ही में नारायणगढ़ इलाके में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, उनके दो साथी घायल हुए थे। हत्या की जिम्मेदारी इनामी बदमाश वेंकट गर्ग ने ली थी। वेंकट पर दो लाख रुपये का इनाम है।



वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

## सीबीआई को बड़ी सफलता, 150 करोड़ से ज्यादा का फर्जीवाड़ा करने वाले दो भगोड़े भारत लाए

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। इंटरपोल रेड नोटिस के तहत थाईलैंड से दो भगोड़ों को भारत निर्वासित किया गया है। यह लोग तमिलनाडु और गुजरात में अलग-अलग मामलों में वांछित थे। सीबीआई ने इस ऑपरेशन का समन्वयन किया था। इन भगोड़ों में से एक जनार्थन सुंदरम है। जनार्थन सुंदरम पर पोंजी स्कीम के जरिए निवेशकों से 87 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

उन्होंने बताया कि पोंजी योजना के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये से अधिक धन हड़पने के आरोपी जनार्दन सुंदरम को बैंकॉक से भारत भेज दिया गया और तमिलनाडु पुलिस ने कोलकाता हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया।

वह तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा आपराधिक षड्यंत्र, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जमा/ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के तहत किए गए अपराधों के लिए वांछित था।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस के अनुरोध पर 21 जून, 2023 को इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया।

एजेंसी ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को बैंकॉक की यात्रा करने वाले सुंदरम को रेड नोटिस के आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया गया।

वहीं, दूसरे ऑपरेशन में जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक अन्य मामले में इंटरपोल की ओर से रेड कॉर्नर नोटिस वॉन्टेड वीरेंद्रभाई मणिभाई पटेल को अहमदाबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने वीरेंद्रभाई के खिलाफ नोटिस जारी करवाया था।फ्रॉड के एक मामले में गुजरात पुलिस के अनुरोध पर आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी किया गया था।

गुजरात पुलिस ने साल 2002 में आपराधिक साजिश, दस्तावेजों की जालसाजी, जाली दस्तावेज़ का उपयोग, धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के मामलों में केस दर्ज किया गया था। वीरेंद्रभाई पटेल पर 77 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है।

# हल्की धुंध और प्रदूषण की डबल मार झेल रहा एनसीआर, दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार

नोएडा, (आरएनएस)। दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में फिलहाल कुछ दिनों तक हल्की धुंध की चादर देखने को मिलेगी। इसके साथ-साथ आने वाले दो दिनों में न्यूनतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई फिर 400 के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में न्यूनतम पारा और ऊपर बढ़ेगा और लोगों को हल्की गर्मी का एहसास शुरू हो जाएगा। हालांकि दिन के वक्त तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास करा रही है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 30 जनवरी को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया है और वातावरण पूरी तरह से साफ रहेगा।

वहीं 31 जनवरी को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया है और हल्की धुंध एनसीआर के लोगों को देखने को मिलेगी। इसके बाद 1 फरवरी से न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 25 डिग्री पहुंचने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने हल्के कोहरे की आशंका जताई है।



2 फरवरी को मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 24 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इसके बाद 3 फरवरी को न्यूनतम पारा 10 डिग्री और अधिकतम पारा 23 डिग्री होने की आशंका जताई गई है, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि इस दिन एनसीआर के लोगों का सामना हल्की बारिश से हो सकता है।

वहीं 4 फरवरी को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री रहने की संभावना है और साथ ही तेज बारिश होने की भी संभावना जताई गई है। वहीं एनसीआर के लोगों के लिए अब बढ़ता एक्यूआई भी चिंता का विषय बन गया है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां पर एक्यूआई औसतन 377 दर्ज किया गया है और दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 के भी पार पहुंच गया है, जिसके कारण लोग फिर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो रहे हैं।

वहीं गाजियाबाद में एक्यूआई औसतन 258 दर्ज किया गया है, तो ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 222 दर्ज किया गया है, जो हवा की फिलहाल बेहतर स्थिति दर्शाता है। वहीं अगर नोएडा की बात करें तो एक्यूआई 251 दर्ज किया गया है। एक्यूआई में आई बढ़ोतरी के चलते एनसीआर के लोग फिलहाल एक बार फिर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हो रहे हैं।

## 27 साल पहले घर से लापता हुआ था पति, अब महाकुंभ में इस रूप में हुई मुलाकात; परिवार के पैरों तले निकली जमीन

प्रयागराज (आरएनएस)। कुंभ मेले में अपनों के बिछड़ने और कई वर्षों के बाद मिलने के किस्से तो अपने अकसर सुने होंगे। ऐसे ही एक मामला महाकुंभ मेले में भी सामने आया है। झारखंड के एक परिवार ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में 27 साल बाद अपने खोए हुए सदस्य को खोज निकालने का दावा किया है।

परिवार का कहना है कि 1998 में लापता हुए गंगासागर यादव अब 'अघोरी' साधु बन चुके हैं, जिन्हें लोग बाबा राजकुमार के नाम से जानते हैं। उनकी उम्र 65 साल है, गंगासागर 1998 में पटना जाने के बाद अचानक लापता हो गए थे और उनकी कोई खबर नहीं मिल पाई थी। उनकी पत्नी धनवा देवी ने अकेले ही अपने दो बेटों, कमलेश और विमलेश को पाला।गंगासागर के छोटे भाई मुरली यादव ने बताया, 'हमने भाई को खोजने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन हाल ही में हमारे एक रिश्तेदार ने कुंभ मेले में एक साधु को देखा, जो गंगासागर जैसा दिखता था। उन्होंने उसकी तस्वीर खींचकर हमें भेजी। तस्वीर देखकर हम तुरंत धनवा देवी और उनके दोनों बेटों के साथ कुंभ मेले पहुंचे।'परिवार का दावा है कि उन्होंने बाबा राजकुमार के रूप में अपने गंगासागर यादव को पहचाना, लेकिन साधु ने अपनी पुरानी पहचान को पूरी तरह नकार दिया।

## इस प्रसिद्ध मंदिर में भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू, स्कर्ट व कटे-फटे कपड़े पहनने पर नहीं मिलेगी एंट्री

मुंबइ(आरएनएस)। मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में भक्तों के लिए आज से ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत, स्कर्ट, कटे-फटे कपड़े और रिवीलिंग ड्रेस पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा। सिद्धिविनायक मंदिर प्रशासन के फैसले का भक्तों ने स्वागत किया है। गुरुवार सुबह मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों ने कहा कि यह एक अच्छा फैसला है।

मंदिर में दर्शन करने आईं श्रद्धालु पुष्पा ने कहा कि मैं मंदिर प्रशासन के फैसले का समर्थन करती हूं। अगर हम हिंदू संस्कृति का पालन करते हैं, तो देवी-देवताओं का भी सम्मान करना चाहिए। ड्रेस कोड की व्यवस्था गुरुद्वारे, दरगाह और चर्च में पहले से बनी हुई है। अगर कोई शख्स गुरुद्वारे जाता है, तो बिना सिर ढके अंदर नहीं जा सकता। चर्च और दरगाह में जाने पर



नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। ऐसी ही व्यवस्था हिंदू मंदिरों में भी होनी चाहिए। मैं मंदिर प्रशासन के फैसले के साथ हूं। मैं सभी से अपील करूंगी कि वे भारतीय संस्कृति से जुड़े वस्त्र पहनकर ही मंदिर में दर्शन करने के लिए आएं।

श्रद्धालु जयश्री देसाई ने कहा कि आज के समय में मंदिर में ड्रेस कोड की व्यवस्था लागू करना बहुत ही जरूरी है। युवाओं में दूसरे वस्त्रों को लेकर काफी क्रेज बढ़ा है। इसलिए मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का फैसला सही है।

इससे पहले सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने ड्रेस कोड को लागू करने की वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के सनातनी और गणेश भक्तों के आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां पर लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के जीवन की मनोरथ पूरी होती है। लेकिन, जब लोग किसी पवित्र स्थल पर जाते हैं, तो वहां कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक होता है, ताकि उस स्थान की पवित्रता बनी रहे। यह निर्णय मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के सुझावों के आधार पर लिया गया है। कई भक्तों ने मंदिर में दर्शन करने के दौरान कुछ श्रद्धालुओं के पहनावे को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

## विधवा मां के प्रेमी की नाराज भाईयों ने की बेरहमी से हत्या, फिर पेट काटकर आंतें निकालकर हवा में फेंकी

गांधीनगर (आरएनएस)। गुजरात के गांधीनगर में एक खौफनाक घटना सामने आई है, जहां दो भाइयों ने अपनी मां के प्रेमी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपियों ने कथित तौर पर मृतक की आंतें निकालकर हवा में फेंक दीं। पुलिस के अनुसार, यह हत्या मां के साथ मृतक के अफेयर को लेकर उपजे गुस्से की वजह से की गई। मृतक रतनजी ठाकोर का दोनों भाइयों की विधवा मां के साथ 15 साल से अधिक समय से संबंध था। आरोपियों का मानना था कि इस संबंध ने उनके दिवंगत पिता की यादों को अपमानित किया और परिवार को शर्मिंदा किया।

एफआईआर के अनुसार, संजय और जयेश ठाकोर पहले भी रतनजी ठाकोर के साथ झगड़ा करते थे और उन्हें अपनी मां से दूर रहने की चेतावनी देते थे। उन्होंने इस मामले में समुदाय के बुजुर्गों को भी शामिल किया था, लेकिन मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के प्रयास विफल रहे थे। रविवार को, जब रतनजी ठाकोर और उनके सहयोगी गांव में घर का निर्माण कर रहे थे, संजय और जयेश चाकू और रॉड से लैस होकर वहां पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। दोनों भाइयों ने पेट पर चाकू से कई वार किए। उसकी आंतें निकालकर हवां में फेंक दी और फिर पेट के अंगों को चाकू से काट दिया।

एफआईआर में यह भी बताया गया है कि हमलावरों ने कुछ मजदूरों और रतनजी के सहयोगी को भी धमकाया, जिन्होंने हमले के दौरान बीच-बचाव करने की कोशिश की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके मोबाइल फोन लोकेशन के जरिए ट्रैक किया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन पर हत्या और उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने दी अंतरिम जमानत; भ्रष्टाचार पर दर्ज हुई थी एफआईआर

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। चंडीगढ़ के सिटिंग मेयर कुलदीप कुमार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है। अब वो बिना गिरफ्तारी के डर से नगर निगम चुनाव में वोट डाल सकेंगे। दरअसल, वोटिंग से पहले मेयर कुलदीप कुमार ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत और मेयर चुनाव के दौरान वोट करने की हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के मेयर कुलदीप कुमार ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में देर रात याचिका दायर की थी। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर के लिए थोड़ी देर में वोटिंग शुरू होगी। इसके तुरंत बाद काउंटिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए भाजपा ने हरप्रीत कौर बबला और आम आदमी पार्टी ( AAP) ने प्रेम लता को उम्मीदवार बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इस चुनाव की वीडियोग्राफी होगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस जयश्री ठाकुर बतौर ऑब्जर्वर यहां मौजूद रहेंगी। कल बुधवार को मेयर कुलदीप कुमार और उनके साले राहुल पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया था। चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच ने दोनों पर सफाईकर्मी की नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 75 हजार रुपये लेने के आरोप में केस दर्ज किया था। रवि नाम के एक शख्स ने चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के बाद सबूतों के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। बता दें कि चंडीगढ़ में निगम के पार्षदों का चुनाव 5 साल में एक बार होता है लेकिन यहां मेयर का चुनाव हर साल होता है। चुनाव अधिकारी के तौर पर नॉमिनेटेड पार्षद रमनीक सिंह बेदी को लगाया गया। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सिरे चढ़ाने के लिए 6 ड्यूटी मजिस्ट्रेट और 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस दौरान निगम की बिल्डिंग के भीतर वही लोग जा सकेंगे, जिनके पास आईकार्ड होंगे।

### लिव इन में रहने वाले कपल के लिए हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, कहा-पहले पोर्टल पर करना होगा रजिस्ट्रेशन

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशन में रहने वाले कपल के लिए सरकार को एक आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लिव-इन रिलेशनशिप को रजिस्ट्रेशन करने के लिए एक वेब पोर्टल लॉन्च करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा की मांग करने वाले कई लिव-इन कपल की तरफ से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति अनोप कुमार ढांड ने कहा कि जब तक ऐसा कोई कानून नहीं बन जाता, तब तक लिव-इन-रिलेशनशिप को एक वेब पोर्टल पर रजिस्टर किया जाना चाहिए।



नई दिल्ली में व्यस्त समय के दौरान वाहनों की धीमी गति के कारण आईटीओ के पास भारी यातायात जाम.

# अभिनेत्री पूनम पांडे ने लगाई गंगा में डुबकी, भगदड़ पर जताई संवेदना

मुंबई (आरएनएस)। अपनी मौत का स्वांग रचने वाली मॉडल पूनम पांडे महाकुंभ नगर पहुंची और गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। पूनम ने कहा कि यहां आस्था की कोई सीमा नहीं है। महाकुंभ में हुई भगदड़ पर संवेदना जताते हुए उन्होंने मोक्ष प्राप्ति की बात कही।सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूनम पांडे ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा, जहां 70 साल का एक बुजुर्ग नंगे पैर चलता है, जहां आस्था की कोई सीमा नहीं होती। यहां की भक्ति ने मुझे आश्चर्य में डाल दिया।प्रयागराज में बुधवार को हुई भगदड़ पर अभिनेत्री ने मृतकों, उनके परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना जताई। अभिनेत्री ने लिखा, जो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, उनके लिए गहरी संवेदना, उम्मीद है कि उन्हें मोक्ष मिलेगा।सर्वाइकल कैंसर से अपनी %मौत% का नाटक करने के कारण सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे शेयर किए गए तस्वीरों और वीडियोज में काले रंग का कुर्ता पहन गंगा में डुबकी लगाती नजर आईं, इस पर %महाकाल% लिखा था।बता दें, महाकुंभ में फिल्म और टीवी जगत के कई सितारे शिरकत कर चुके हैं। हाल ही में अभिनेत्री किटू गिडवानी महाकुंभ में पहुंची थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी, जिसमें उन्होंने महाकुंभ को 'शानदार आध्यात्मिक अनुभव' बताया था।पूनम पांडे, किटू गिडवानी के अलावा फिल्म निर्माता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं।

वहीं, अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने महाकुं

## जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर कार और बस की टक्कर में तीन की मौत, महाकुंभ से लौट रहे थे लोग

जौनपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर एक कार और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया पुलिस चौकी के पास गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे हुआ। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग महाकुंभ से गंगा स्नान करके लौट रहे थे तभी कार की सिकंदराबाद डिपो की रोडवेज बस से सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

वहीं, हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने राहत और बचाव कार्य चलाया।इस दुर्घटना में कार चालक संजय सिंह (45), बिंदु सिंह (40) और विमला देवी (50) की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा महेश तिवारी (52), विद्यावती सिंह (43) और किरन देवी तिवारी (47) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया। हालांकि, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बता दें कि मृतक और घायल यात्री महराजगंज जिले के समदेऊआ थाना क्षेत्र के धनहानायक गांव और गोरखपुर जिले के खोरावर व झगहा गांव के निवासी थे।

इससे पहले 28 जनवरी को रायबरेली में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बोलेरो के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

मामला भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास स्थित कान्हा होटल के पास का है। बोलेरो सवार सभी लोग संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करके लखनऊ वापस लौट रहे थे। तभी उसकी तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने-सामने की टक्कर हो गई थी।

इस हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया था।

# शरवरी वाघ ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर बरपाया कहर, वन पीस ड्रेस पहन कैमरे के सामने दिए एक से एक पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपनी एक्टिंग और फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अंदाज अक्सर इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की बेहद ही स्टाइलिश ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों को मेसी लुक देकर, लाइट मेकअप और न्यूड ब्राउन शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे से सामने प्यारी सी स्माइल देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। उनकी इस खूबसूरत स्माइल को देखकर फैंस अपना दिल हार गए हैं। शरवरी वाघ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## देवा के नए पोस्टर में शाहिद कपूर का दिखा धांसू अवतार, एडवांस बुकिंग हो गई शुरु

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं, जिनका इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है देवा, जिसके हीरो शाहिद कपूर हैं।

यह फिल्म आगामी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है।

इसके साथ फिल्म देवा से शाहिद की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।देवा का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। फिल्म में शाहिद की जोड़ी पूजा हेगड़े के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं।

देवा की एक और खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की धरोहर को दिखाया जाएगा।

# एली अवराम ने इलू इलू 1998 में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी साझा की



अपनी आगामी फिल्म 'इलू इलू 1998' की तैयारी कर रहीं अभिनेत्री एली अवराम ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह फिल्म में गोवा की कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हैं।

अपनी आकर्षक छवि और स्क्रीन पर अपनी आकर्षक उपस्थिति के लिए मशहूर अभिनेत्री इस अनोखी, दिल को छू लेने वाली ड्रामा फिल्म में 1998 की रंगीन अराजकता में एक पुरानी यादों को ताजा कर रही हैं।

इस फिल्म का निर्देशन अजिंक्य बापू फाल्के ने किया है और यह रोमांस, कॉमेडी और दिल को छू लेने वाली पुरानी यादों का एक बेहतरीन मिश्रण है। फिल्म का शीर्षक 90 के दशक के मशहूर कैचफ्रेज़ से लिया गया है जो आज भी मीठी यादें ताज़ा कर देता है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए एली अवराम ने कहा, जब मैंने पहली बार इलू इलू 1998 की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत सुश्री पिंटो के किरदार की गहराई और आकर्षण से आकर्षित हो गई। मैं एक गोवा कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हूँ।

अभिनेत्री ने आगे बताया, वह गर्मजोशी, ताकत और सूक्ष्म जटिलताओं से भरी एक महिला हैं, और मैंने उन्हें जीवन में उतारना एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखा। मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करना एक कलाकार के रूप में मेरे लिए एक स्वाभाविक प्रगति की तरह लगा, और मैं इस जीवंत उद्योग का पता लगाने के लिए उत्सुक थी। जैसे ही मैंने शीर्षक सुना, मैंने कहा, हे भगवान, *इलू इलू!

मैं इसमें हूँ! यह फिल्म 90 के दशक के लिए मेरा प्रेम पत्र है - फैशन, संगीत, ड्रामा - और मैं इस विचित्र सवारी से सभी के प्यार में पड़ने का इंतजार नहीं कर सकती। चलिए बस इतना ही कहूँ कि 1998 बुला रहा है, और मैं पूरी तरह से फिल्मी अंदाज में इसे अपना रही हूँ।

एली विंटेज आउटफिट्स पहने, पेपी रेट्रो बीट्स पर थिरकती और उस दौर को अपनाती नज़र आएंगी जब मिक्सटेप्स और लैंडलाइन का बोलबाला था।

यह फिल्म 31 जनवरी को रिलीज़ होने वाली है।

# बोमन ईरानी के डायरेक्शन में बनी बाप-बेटे के रिश्ते पर बेस्ड फिल्म द मेहता बॉयज की रिलीज डेट आउट

2025 भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन प्राइम वीडियो ने आज घोषणा की है कि 7 फरवरी को क्रिटिक्स की भरपूर तारीफ़ पाने वाली ऑरिजिनल फ़िल्म, द मेहता बॉयज़ का प्रीमियर होगा. चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट एलएलपी के साथ मिलकर ईरानी मूवीटोन एलएलपी के बैनर तले बोमन ईरानी, दानेश ईरानी, विकेश भूटानी, और शुजात सौदागर द्वारा प्रोड्यूस की गई फ़िल्म, द मेहता बॉयज़ का निर्देशन बोमन ईरानी ने किया है. ईरानी ने एकेडमी अवार्ड विजेता एलेक्स डिनेलारिस के साथ मिलकर इस फिल्म की कहानी भी लिखी है. बाप-बेटे के रिश्ते की उलझनों और परिवार के सदस्यों के बीच के पेचीदा नाते के ताने-बाने को बखूबी दिखाने वाली इस ऑरिजिनल फ़िल्म को बेहद माहिर कलाकारों ने पर्दे पर उतारा है.इस फ़िल्म में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी, श्रेया चौधरी, और पूजा सरूप मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं. भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में 7 फरवरी को प्राइम वीडियो पर हिंदी में द मेहता बॉयज़ का एक्सक्लूसिव प्रीमियर होगा, जिसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब किया जाएगा तथा कई भाषाओं में सबटाइटल के साथ रिलीज़ किया जाएगा. द मेहता बॉयज़ एक बाप और बेटे की कहानी है, जिनकी सोच एक-दूसरे से बिल्कुल जुदा है और उन्हें न चाहते हुए भी एक-दूसरे के साथ 48 घंटे बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है. बाप-बेटे के बीच के उलझन भरे रिश्तों की बारीकियों को बखूबी पेश करने वाली इस फ़िल्म में उनके उतार-चढ़ाव भरे सफ़र





को दिखाया गया है। सितंबर 2024 में आयोजित बेहद सम्मानजनक 15वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल (CSAFF) में द मेहता बॉयज़ का ग्लोबल प्रीमियर हुआ था, तथा इस फेस्टिवल में बेस्ट फीचर फ़िल्म का पुरस्कार भी हासिल किया।

इसके बाद, अक्टूबर 2024 में टोरंटो में आयोजित इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल ऑफ़ साउथ एशिया में बोमन ईरानी को बेस्ट एक्टर का पुरस्कार मिला. नवंबर 2024 में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया (IFFI) में पहली बार इस फ़िल्म को एशिया में पेश किया गया, साथ ही जनवरी 2025 में इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल बर्लिन में भी इसका प्रदर्शन किया गया।

प्राइम वीडियो, इंडिया के हेड ऑफ़ ऑरिजिनल्स, निखिल मधोक ने कहा, द मेहता बॉयज़ दिल को छू लेने वाली और खूबसूरती से बनाई गई फ़िल्म है, जो बाप-बेटे के रिश्ते की उलझनों और दिल की गहराई में बसे जज़्बातों को पर्दे पर उतारती है, इस फ़िल्म को अब तक मिली तारीफ़ इस कहानी की सच्चाई के बारे में बहुत कुछ बयां करती है, जिसने दुनिया भर के लोगों का दिल जीता है, प्राइम वीडियो में हम ऐसी कहानियों को दर्शकों के सामने लाने के इरादे पर अटल हैं, जिनसे दुनिया भर के दर्शकों को जुड़ाव महसूस हो, और द मेहता बॉयज़ की कहानी इंसानी रिश्तों की जटिलताओं को बखूबी पेश करती है, एक फ़िल्म-निर्माता के रूप में बोमन ईरानी ने बड़े अनोखे और बिल्कुल नए नज़रिये से इस फ़िल्म को पेश किया है और यही बात इसे बेहद खास बनाती है, हम देश और दुनिया भर में मौजूद अपने दर्शकों के साथ इस दिल को छू लेने वाली कहानी को पेश करने और बेहद उन्दा कलाकारों एवं क्रू के साथ मिलकर काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

बोमन ईरानी ने कहा, द मेहता बॉयज़ को पर्दे पर उतारने का ये सफ़र हमारे लिए बेहद फायदेमंद और संतोषजनक रहा है. एक अभिनेता होने के नाते, कहानियों को बयां करने की ताकत ने हमेशा से ही मेरे मन को लुभाया है, और इस प्रोजेक्ट ने एक फ़िल्म-मेकर के तौर पर मुझे क्रिएटिविटी की एक नई राह के बारे में जानने का मौका दिया।



## बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने तोड़ा दम, 12वें दिन रहा ऐसा हाल

*अभिनेत्री कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा हैं। उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।हालत यह है कि फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।अब इमरजेंसी की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.10 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी।कंगना ने इमरजेंसी में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक सहित कई कलाकार अहम भूमिका निभाते दिखे हैं।फिल्म में खासतौर से कंगना के काम की काफी तारीफ हो रही है। समीक्षकों ने भी कंगना और उनकी इस फिल्म की खूब तारीफ की है। हालांकि, टिकट खिड़की पर फिल्म कोई कमाल नहीं दिखा रही है। फिल्म की निर्माता-निर्देशक और लेखक कंगना ही हैं।*

## धूम धाम का ट्रेलर रिलीज, यामी गौतम और प्रतीक गांधी की शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती




पिछले कई दिनों से फिल्म धूम धाम चर्चा में है। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रतीक गांधी ने मुख्य भूमिका निभाई है और इसके जरिए ये दोनों कलाकार पहली बार साथ आए हैं।कुछ दिन पहले फिल्म के पोस्टर और टीजर सामने आया था, जिस पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया।अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।लोगों ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी है, आइए जानते हैं।यामी और प्रतीक केमिस्ट्री शानदार लग रही है। दोनों की शादी होती है और शादी की पहली रात ही तब बवाल हो जाता है, जब उनकी शादी में अनचाहे बाराती या कहें गुंडे घुस जाते हैं। शादी का मंडप जंग का मैदान बन जाता है और कोयल बनीं यामी और वीर बने प्रतीक की जिंदगी में भूचाल आ जाता है।इस नई-नवेली जोड़ी की पहली रात की कहानी मजेदार लग रही है, वहीं यामी की कॉमेडी भी देखने लायक है।प्रतीक की एक्टिंग भी लाजवाब है। वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। उन्हें कैसा भी किरदार दे दिया जाए, वो उसमें हर बार अव्वल नंबरों से पास हुए हैं। उन्होंने गंभीर से लेकर कॉमेडी किरदार बेहतरीन तरीके से निभाए हैं। कहीं न कहीं कॉमिक किरदारों के लिए प्रतीक को ज्यादा वाहवाही मिली है।पिछली बार आई उनकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में भी प्रतीक की कॉमेडी लोगों को पसंद आई थी। अब वह अपने कॉमेडी अवतार में वापस लौट आए हैं।ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, यामी बेहद प्रतिभाशाली और खूबसूरत हैं, लेकिन कोई भी उनकी प्रतिभा अब तक बखूबी भुना नहीं पाया है।

# बोटॉक्स या फिलर्स, चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए क्या करवाएं? डॉक्टर से जानें जवाब



उम्र बढ़ने के साथ चेहरे पर इसका असर दिखने लगता है. झुर्रियां तो कभी फाइन लाइन्स चेहरे की सुंदरता को कम करने लगती हैं. उम्र के साथ-साथ खराब लाइफस्टाइल और प्रदूषण की वजह से पिग्मेंटेशन भी होने लगता है.महिलाएं एजिंग को छुपाने के लिए महंगे से महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं. इसके साथ ही बोटॉक्स और फिलर जैसे स्किन ट्रीटमेंट भी करवाती हैं. लेकिन अक्सर लोगों में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए बोटॉक्स या फिलर्स कौन सा ज्यादा अच्छा है? आइए कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट से जानते हैं इसके बारे में.

### क्या है बोटॉक्स और फिलर?

बोटॉक्स और फिलर्स दोनों ही स्किन ट्रीटमेंट हैं. उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने के लिए महिलाएं ये करवाती हैं. ताकि उनका चेहरा जवां रहे.

### बोटॉक्स ट्रीटमेंट क्या है?

यह एंटी-एजिंग कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट है. इसमें बोटुलिनम टॉक्सिन या ओनोबोटुलिनमटॉक्सिन ए को इंजेक्ट किया जाता है. झुर्रियों को कम करने और चेहरे की मांसपेशियों को आराम देने के लिए इसका इस्तेमाल होता है. आंखों के आस-पास और आइब्रो के बीच की झुर्रियों को कम करने के लिए इसका यूज किया जाता है. इसके साथ ही इससे जबड़े की फाइन लाइन्स को भी कम किया जाता है.

### फिलर ट्रीटमेंट क्या है?

फिलर्स की मदद से झुर्रियों को भरकर उन्हें कम किया जाता है. इससे गालों और होठों का वॉल्यूम बढ़ाया जा सकता है. चेहरे की आकृति को निखारने के लिए भी किया जाता है. फिलर्स जेल जैसे पदार्थ होते हैं, जो हायलूरोनिक एसिड से बने होते हैं. इन्हें स्किन के नीचे इंजेक्ट किया जाता है. इसका असर चेहरे पर 6 से 24 महीने तक रहता है.

### स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से चुनें ट्रीटमेंट

कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके बताया कि बोटॉक्स और फिलर दोनों स्किन ट्रीटमेंट स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं. अपनी स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से आप अपने लिए ट्रीटमेंट चुन सकती हैं.

# पेट में लगातार दर्द रहे तो न करें नजरअंदाज, हो सकता है अपेंडिक्स कैंसर, इस उम्र के लोग रहें सावधान!

यूं तो पेट में दर्द एक सामान्य समस्या है, जो कब्ज या अपच की वजह से भी हो सकती है. लेकिन अगर ये दिक्कत आपको लगातार हो रही है तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल भी न करें. पेट में लंबे समय तक असहनीय दर्द अपेंडिक्स कैंसर होने का संकेत हो सकता है. अपेंडिसाइटिस एक रोग है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में अपेंडिक्स कहा जाता है. हमारे पेट के अंदर छोटी और बड़ी आंत के बीच में छोटा सा ट्यूब के आकार का अंग अपेंडिक्स होता है. जिसकी कोशिकाओं में अपेंडिक्स कैंसर की शुरुआत होती है. अभी तक इसके होने के पीछे सटीक कारणों का भी पता नहीं चल पाया है. आइए जानते हैं किस उम्र के लोगों को अपेंडिक्स कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है?



अपेंडिक्स कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा किसे?

अपेंडिक्स कैंसर काफी रेयर कैंसर होता है. यूं तो किसी भी उम्र में हो सकता है. हालांकि बच्चों व युवाओं में इस तरह के कैंसर के मामले कम देखने को मिलते हैं. कुछ रिसर्च के अनुसार 40 से 60 साल की महिलाओं में इसका खतरा सबसे ज्यादा होता है.

### अपेंडिक्स कैंसर के लक्षण

* बिना कोशिश के वजन कम होना
* पेट के निचले दाहिने हिस्से में लगातार दर्द
* सूजन या पेट का आकार बढ़ना
* दस्त या कब्ज
* मतली और उल्टी

अपेंडिक्स कैंसर का क्या है इलाज?

अपेंडिक्स कैंसर पर डॉक्टर्स दवाइयों के साथ कीमोथेरेपी और लक्षित थेरेपी से इलाज करते हैं. कुछ मामलों में सर्जरी भी करनी पड़ती है.

## सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा, 9 भारतीयों की मौत; जयशंकर ने जताया दुख

जेद्दा ,(आरएनएस) । सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जीजान के पास हुए भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह प्रभावित परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, इस दुर्घटना और जान गंवाने वालों के बारे में जानकर दुखी हूं। जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात की, जो प्रभावित परिवारों के संपर्क में हैं। वे इस दुखद स्थिति में हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

सऊदी अरब के जीजान में हुआ यह हादसा भारतीय समुदाय के लिए एक बड़ा झटका है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि वह सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले की जांच कर रहा है। इसके अलावा, दूतावास ने एक हेल्पलाइन भी जारी की है, जहां हादसे में मारे गए लोगों के परिजन संपर्क कर सकते हैं।

भारत सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर लगातार नजर रखे हुए है। भारत सरकार ने सऊदी अरब सरकार से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में चलना भूलीं, वापसी के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क से मांगी मदद

न्यूयॉर्क ,(आरएनएस) । भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स लगातार सात महीने से अंतरिक्ष में हैं और अब उन्हें धरती पर चलना फिर से सीखना पड़ेगा। विलियम्स ने हाल ही में एक स्कूल में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अंतरिक्ष में इतने लंबे समय तक रहने के बाद चलने के तरीके को भूल गई हैं।

विलियम्स ने कहा, 'अब मैं यहां काफी लंबे समय से हूं। अब मुझे याद करना पड़ रहा है कि चलना कैसे है? मैं अरसे से चली नहीं हूं। नीचे बैठी नहीं हूं। मैं लेटी भी नहीं हूं। हालांकि यहां ऐसा करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। आप बस आंखें मूंदे रखिये और यहां तैरते रहिये।' विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर जून 2024 से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर हैं। उनकी वापसी के लिए भेजा गया स्पेसक्राफ्ट खराब हो जाने के कारण वे फंसे हुए हैं।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स से इन अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने का अनुरोध किया है।

नासा का कहना है कि विलियम्स और विल्मोर पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उनका मनोबल उच्च है। हालांकि, लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण में रहने के कारण उनके शरीर पर कुछ प्रभाव पड़े हैं।

सुनीता विलियम्स जून 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर आने के बाद वापस धरती पर इसलिए नहीं लौट पाईं थीं कि उन्हें लाने वाला अंतरिक्षयान स्टारलाइनर खराब हो गया था और उससे वापसी सुरक्षित नहीं है। सुनीता समेत दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को अगस्त तक वापस लौटना था। हालांकि नासा ने लगातार कहा है कि अंतरिक्ष यात्री फंसे नहीं हैं और वे स्वस्थ और अच्छे लोगों से जुड़े हैं।

### अमेरिकी विमान हादसा

# नदी से 19 शव मिले, रेस्क्यू आपरेशन जारी; वॉशिंगटन एयरपोर्ट पर उड़ानों पर रोक




वाशिंगटन डीसी,(आरएनएस) । अमेरिकी विमान हादसा : अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान की अमेरिकी सेना के हेलीकॉप्टर से टक्कर हो गई। क्रैश के बाद यात्रियों से भरा विमान और हेलीकॉप्टर दोनों पोटोमैक नदी में गिर जा गिरे। नदी से 19 शव निकाले गए हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे के बाद से रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं।

विमान अमेरिकी शहर कंसास सिटी से वाशिंगटन आ रहा था। कनाडा एयर का विमान था। अमेरिकी सेना का हेलीकॉप्टर ब्लैकहॉक (॥-60) था। विमान दुर्घटना के बाद पोटोमैक नदी में खोज और बचाव अभियान चल रहा है।

सोशल मीडिया पर वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे विमान ने रीगन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर को टक्कर मारी। इस बीच घटना के बाद सभी उड़ानें रोक दी गईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर के बाद विमान आग का गोला बन जाता है। आसमान में चिंगारी फूट जाती है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस घटना को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, उन्होंने कहा, 'हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, फिलहाल बेहतरी की उम्मीद करते हैं।

## रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर हुआ विमान हादसा दुखद, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी : राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन(आरएनएस) । राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए विमान हादसे पर दुख जताया है।

राष्ट्रपति ने अपने बयान कहा, मुझे रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई भीषण दुर्घटना के बारे में अवगत करा दिया गया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

इसके अलावा, उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे लोगों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हदासे के बाद स्थिति को सामान्य करने में जुटे सभी लोगों का धन्यवाद।

राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने पूरी स्थिति पर नजर बनाकर रखी है, जैसे ही मुझे इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी मिलेगी, तो मैं निश्चित तौर पर उसे आपके बीच साझा करूंगा। बता दें कि अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास एक यात्री विमान हेलीकॉप्टर से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। इस विमान में 60 यात्री सवार थे। यह विमान कंसास सिटी से वाशिंगटन जा रहा था। इस दौरान यह हेलीकॉप्टर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सिन्हुआ ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से बताया कि विमान में 60 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स सवार थे।

वाशिंगटन डीसी फायर सर्विसेज के मुताबिक, यह घटना बुधवार शाम को हुई। इस हादसे के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। विमान और हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर की वजह से यह हादसा हो गया। पोटोमैक नदी में विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इसके बाद नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन का कार्य जारी है।

## पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी मामले में 11 साल की सजा

न्यूयॉर्क ,(आरएनएस) । पूर्व डेमोक्रेट सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी के एक मामले में 11 साल की सजा सुनाई गई है। वो विदेशी एजेंटों से घूस लेने के दोषी ठहराए गए थे।संघीय न्यायाधीश सिडनी स्टीन ने बुधवार को 71 वर्षीय मेनेंडेज को यह सजा सुनाते हुए कहा, आप हमारी राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष पर थे लेकिन आप अपना रास्ता भूल गए और जनता की भलाई के लिए काम करने की बजाय आप अपनी भलाई के लिए काम करने लगे। न्यू जर्सी का प्रतिनिधित्व करने वाले मेनेंडेज को नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज बेंज कार मिली थी। उन्हें जुलाई में मिस्र के एजेंट के रूप में कार्य करने, रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र सहित 16 आरोपों में दोषी ठहराया गया था। उनकी पत्नी नादिन मेनेंडेज पर भी आरोप हैं, लेकिन उनका मुकदमा स्थगित है क्योंकि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं।रिश्वत देने वाले दो व्यापारियों को भी बुधवार को जेल की सजा और 1 मिलियन डॉलर से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया। एक अन्य व्यापारी ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया और अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर पेश होकर सरकारी गवाह बन गया।इस मामले में कतर का नाम तो आया, लेकिन सीधे तौर पर इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं थी। अभियोजकों ने कहा कि रियल एस्टेट डेवलपर को वहां से वित्तपोषण प्राप्त करने में मदद करने के लिए मेनेंडेज ने राज्य के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की।

## भारी रक्तपात के बाद क्या बांग्लादेश में हसीना की पार्टी फिर खड़ी हो पाएगी



ढाका (ए)। बांग्लादेश का करीब डेढ दशक तक नेतृत्व करने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा दिए पांच महीने हो गए हैं। उन्होंने तब इस्तीफा दिया जब देश में उनके खिलाफ आक्रोश बढ़ गया और यह रक्तपात में बदल गया। अब सवाल है कि पांच महीने बाद, उनकी पार्टी जो बांग्लादेशी राजनीति में एक प्रमुख शक्ति रही है अभी भी खुद को फिर से खड़ा कर पाएगी। पार्टी इसके लिए संघर्ष कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और मध्यम स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच एक गहरा विभाजन उभर रहा है। जो मानते हैं कि अवामी लीग को अपनी गलतियों पर विचार करना चाहिए। कई अवामी लीग नेता जिम्मेदारी से बचते रहते हैं।

पार्टी के संयुक्त सचिव, एएफएम बहाउद्दीन नसीम ने बताया कि हम एक अंतरराष्ट्रीय साजिश के शिकार हैं, यह जल्द ही साबित हो जाएगा। उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किसे आरोपित कर रहे थे। विश्लेषकों का कहना है कि ऐसे दावे नेतृत्व की विफलताओं और जनता की शिकायतों को संबोधित करने में असमर्थता को उजागर करते हैं। बता दें कि 23 अक्टूबर 2024 को, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बीसीएल पर प्रतिबंध लगा दिया। एक बार प्रभावशाली बीसीएल नेता ने अपनी सुरक्षा के लिए अपने संघर्ष की कहानी सुनाई। वह पड़ोसी गोपालगंज भाग गए और फिर ढाका में एक नई पहचान के साथ बस गए। उन्होंने कहा, मैंने अपना फेसबुक अकाउंट, फोन नंबर और सब कुछ बदल दिया है। मैंने जीवित रहने के लिए एक छोटा व्यवसाय शुरू किया है।

## खेल समाचार

# विराट कोहली से मिलने मैदान में घुसा फैन, छुए पैर, फिर सुरक्षाकर्मियों ने किया ये हाल



नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच खेला जा रहा है. दिल्ली की तरफ से खेल रहे विराट कोहली इस मैच का मुख्य आकर्षण हैं. दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ ने इस मैच के लिए एंट्री फ्री कर रखी है. इस वजह से फैंस की भारी भीड़ है. अमूमन रणजी ट्रॉफी के मैचों में दर्शक दीर्घा खाली रहता है. लेकिन इस मैच में विराट की वजह से स्टेडियम भरा हुआ है. मैच के दौरान एक फैन विराट से मिलने के लिए मैदान में धुस गया. इसके बाद जो हुआ उसने शायद सोचा भी नहीं होगा.

खचाखच भरे स्टेडियम में से एक फैन सारे सुरक्षा घेरे को तोड़ता हुआ मैदान में जा पहुंचा. वो विराट कोहली के पास पहुंचा और उनके पैर छुए. इतने में सुरक्षाकर्मी आ गए और उसे पकड़ कर ले जाने लगे. फैंस की इस हरकत से सुरक्षाकर्मी काफी गुस्से में दिखे. एक सुरक्षाकर्मी को गुस्से में फैन को थप्पड़ लगाते भी देखा गया.

विराट कोहली ने आखिरी बार 2012 में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला था. तब वे बतौर बल्लेबाज विश्व क्रिकेट में दस्तक दे रहे थे. वे जब वापस आए हैं तो उनका रुतबा एक महान बल्लेबाज का बन चुका है. ऐसे में विराट को देखने के लिए भीड़ का जुटना लाजमी था. फैंस के लिए इस मैच के परिणाम से ज्यादा महत्व विराट को देखना, उनके साथ सेल्फी लेना या उनका ऑटोग्राफ लेना है. 30 जनवरी की सुबह से ही अरुण जेटली स्टेडियम के पास भीड़ जमा होने लगी थी और मैच शुरु होने तक ये भीड़ एक हुजूम का रुप ले चुकी थी. दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है. ये फैसला भी जैसे विराट फैंस को खुश करने के लिए ही लिया गया है. गेंदबाजों ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित किया है.

## स्मिथ 40 की उम्र तक खेल सकते हैं : इयान हीली

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान हीली का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की श्रीलंका के खिलाफ गाले में बल्लेबाजी देखने के बाद उन्हें लगता है कि स्मिथ 40 की उम्र तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल सकते हैं। स्मिथ ने गाले में पहली पारी में 10,000 टेस्ट रन का मील का पत्थर हासिल किया, जहां उन्होंने 141 रन बनाकर इस प्रारूप में अपना 35वां शतक भी पूरा किया।मैं बहुत खुश था, उसने अपनी पीठ थपथपाई। मुझे लगा कि वह स्पष्ट सोच रखता है, और वह गेंद को खूबसूरती से टाइम कर रहा था, यहां तक कि अपने डिफेंस में भी। मैं कह रहा हूं कि वह अब 40 तक खेल सकता है।

हीली ने एसईएनक्यू से कहा, उनके सामने बहुत कुछ है। 35 वर्षीय खिलाड़ी एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग के साथ 10,000 टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ही टेस्ट टीम के कप्तान थे जब उन्होंने अपना 10,000वां रन बनाया था।

## उस्मान ख्वाजा ने जड़ा करियर का पहला दोहरा शतक

### -ऐसा करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने, विशाल स्कोर की तरफ कंगारू

नईदिल्ली (आरएनएस)। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच गाले में खेला जा रहा है. ये टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के लिए काफी यादगार रहा है. लंब समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे ख्वाजा ने न सिर्फ फॉर्म में वापसी करते हुए शतक लगाया है बल्कि अपने शतक को दोहरे शतक में बदला है. ये उनके करियर का पहला दोहरा शतक है. साथ ही वे श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं. उस्मान ख्वाजा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था. पिछले 14 साल में उन्होंने अपने करियर में खेले 78 टेस्ट में 15 शतक लगाए थे. गाले टेस्ट उनके करियर का 79 वां टेस्ट है. उन्होंने 16 वां शतक जड़ा है और इस शतक को उन्होंने दोहरे शतक में बदल दिया है. ख्वाजा श्रीलंका में टेस्ट दोहरा शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं. दूसरे दिन लंच तक ख्वाजा 298 गेंद में 204 रन बनाकर नाबाद थे. इसमें 16 चौके और 1 छक्के शामिल हैं. ये टेस्ट स्टीव स्मिथ के लिए भी शानदार रहा है. इस टेस्ट में स्मिथ ने अपने करियर के 10,000 रन पूरे किए हैं. स्मिथ ने इस पारी में 35 वां शतक लगाया. वे दूसरे दिन लंच से पहले 251 गेंद पर 12 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 141 रन बनाकर आउट हुए. ऑस्ट्रेलिया इस मैच में बड़े स्कोर की तरफ तेजी से बढ़ रही है. दूसरे दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 475 रन बनाए हैं. ख्वाजा 204 के साथ जोश इंग्लिश 44 के स्कोर पर नाबाद हैं. पहले दिन हेड 57 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए थे।

## शार्दुल ठाकुर रणजी ट्रॉफी इतिहास में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज बने

मुंबई, ,(आरएनएस)। भारतीय तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गुरुवार को शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले गए रणजी ट्रॉफी मैच में मेघालय के खिलाफ मुंबई के लिए हैट्रिक बनाई।



मेघालय के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लेने के बाद मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए ठाकुर ने तीसरे ओवर में अनिरुद्ध बी, सुमित कुमार और जसकीरत को आउट किया तथा पारी की चौथी गेंद पर निशांत चक्रवर्ती को आउट किया।

शार्दुल ठाकुर इस सीजन में दूसरे गेंदबाज बने हैं जिन्होंने हैट्रिक ली है। इससे पहले इस सीजन में पुदुचेरी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के ऋषि धवन ने हैट्रिक ली थी।इसके अलावा, 33 वर्षीय ठाकुर रणजी ट्रॉफी इतिहास में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज बन गए।उनसे पहले मुंबई के लिए जहांगीर बेहरामजी खोत ने बड़ौदा के खिलाफ (1943/44), उमेश नारायण कुलकर्णी ने गुजरात के खिलाफ (1963/64), अब्दुल मूसाभाई इस्माइल ने सौराष्ट्र के खिलाफ (1973/74) और रॉयस्टन हेरोल्ड डायस ने बिहार (2023/24 सीजन) के खिलाफ हैट्रिक ली थी।इस सत्र में अब तक सात मैचों में ठाकुर ने एक शतक और दो अर्धशतक के साथ 20 विकेट और 297 रन बनाए हैं। ठाकुर के 4-14 के अलावा, मोहित अवस्थी ने दो विकेट लिए, जिससे मुंबई ने मेघालय को 12 ओवर में 29-6 के स्कोर पर रोक दिया।ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर काबिज मुंबई को बोनस अंक हासिल करने के लिए मौजूदा मैच को एक पारी या 10 विकेट से जीतना होगा। ऐसा करने पर वे जम्मू-कश्मीर (29 अंक) के साथ बराबरी पर आ जाएंगे, जबकि बड़ौदा (27 अंक) दूसरे स्थान पर है।

# हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की

### -अंगद, अर्शदीप सीनियर टीम में शामिल



नई दिल्ली, (आरएनएस)। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो-दो मैच खेले जाएंगे।

जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है। टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं। जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे।

मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं।आक्रमण में अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरायजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह खेलेंगे।टीम के चयन भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के आगामी भुवनेश्वर लेग मैचों के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम हमें मैच जिता सकती है, सामंजस्य बिठाकर खेल सकती है और सबसे महत्वपूर्ण बात, हॉकी का शानदार ब्रांड खेल सकती है। शिविर में खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने और अपने प्रो लीग अभियान को सही तरीके से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह,

डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप ज़ेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच

मिडफील्डर: राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, राजिंदर सिंह

फॉरवर्ड: अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।

## मुंबई इंडियंस के नए खिलाड़ी रियान रिकल्टन ने एसए20 में मचाई तबाही

नईदिल्ली (आरएनएस)। साउथ अफ्रीका टी 20 लीग का जलवा इस समय क्रिकेट फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है. इस लीग में कई ऐसे क्रिकेटर खेल रहे हैं जो आईपीएल 2025 में कई टीमों की तरफ से अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे. सबसे ज्यादा खुश मुंबई इंडियंस नजर आ रही है. इस टीम ने जिस बल्लेबाज को नीलामी में खरीदा था फिलहाल वो साउथ अफ्रीका लीग में गेंदबाजों का सिरदर्द बना हुआ है। मौजूदा समय में अगर किसी बल्लेबाज का खौफ सबसे ज्यादा है तो वो हैं ट्रेविस हेड. मुंबई इंडियंस के नए खिलाड़ी रियान रिकल्टन का साउथ अफ्रीका लीग में कुछ ऐसा ही खौफ है. बाएं हाथ के 28 साल के इस बल्लेबाज ने लीग के 5 मैचों में 59.25 की औसत और 178.2 की स्ट्राइक रेट से 3 अर्धशतक लगाते हुए 237 रन बनाए हैं. वे फिलहाल लीग के 5 वें सबसे सफल गेंदबाज हैं. वे 13 छक्के और 24 चौके लगा चुके हैं। रियान रिकल्टन की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने मुबंई इंडियंस की एक सबसे बड़ी चिंता दूर कर दी है. एमआई ने पिछले साल ईशान किशन को रिलीज कर दिया था और नीलामी में भी उनके लिए बोली नहीं लगाई. ईशान लंबे समय से टीम के लिए रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कर रहे थे. ऐसे में एमआई की चिंता रोहित के ओपनिंग पार्टनर को लेकर थी. रिकल्टन की फॉर्म ने ये चिंता दूर कर दी है. रोहित के साथ मुंबई के लिए वे आईपीएल 2025 में पारी की शुरुआत करते हुए नजर आ सकते हैं. रियान रिकल्टन साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. वे अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 13 टी 20 मैचों में 134.87 की स्ट्राइक रेट से 263 रन बना चुके हैं. सर्वाधिक स्कोर 76 है. वहीं कुल 112 टी 20, जिसमें दुनिया के अन्य टी 20 लीग शामिल हैं में 140 से उपर की स्ट्राइक रेट और 29.77 की औसत से 1 शतक और 20 अर्धशतक लगाते हुए 2948 रन बना चुके हैं।

# कमिश्नर ने दूरस्थ क्षेत्र के टेल एरिया का किया भ्रमण



-किसान उदय सिंह के खेत पर पहुंच कर देखा नहर के पानी का फ्लो

-किसान मनोज सोलंकी के खेत तक नहर का पानी पहुंचाने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को दूरस्थ टेल क्षेत्र बंमुरिया, बम्होरी खुर्द, बुडारा कला एवं चौतलाय ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दूरस्थ खेतों तक नहर के पानी के पहुंचने का अवलोकन किया, उन्होंने किसान उदय सिंह राजपूत के खेत पर पहुंचकर नहर के पानी का फ्लो देखा तथा बम्होरी खुर्द खुर्द टेल एरिया में जल संसाधन विभाग के एसडीओ को किसान मनोज सोलंकी के खेत तक नहर का पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी अपने प्रशासनिक अमले के साथ गुरुवार को डोलरिया तहसील के ग्राम बंमुरिया तिगडडा पहुंचे, यहां मौजूद किसानों ने बताया कि नहर से पर्याप्त पानी मिल रहा है लेकिन वहां मौजूद किसान उदय सिंह राजपूत ने बताया कि उनका खेत टेल एरिया में है वहां पानी का फ्लो कम होने के कारण उनकी फसल सूख रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने बताया कि आगामी 8 दिन में टेल क्षेत्र में पानी प्राथमिकता से पहुंच जाएगा। अभी सभी किसान लगभग नहर के पानी का उपयोग कर चुके हैं। अब आने वाला पानी टेल एरिया तक पहुंच जाएगा। कमिश्नर श्री तिवारी ने किसान उदय सिंह राजपूत के टेल एरिया के खेतों का अवलोकन किया वहां नहर के पानी का फ्लो काफी कम था। किसान उदय सिंह राजपूत ने बताया कि खेत में गेहूं की फसल में बाली आ गई है लेकिन पानी कम मात्रा में मिलने के कारण दाने छोटे हो गए हैं। पहला पानी उन्हें मिला और अब दूसरा पानी पहुंचने में टाइम लग रहा है। दो एकड़ के खेत में उन्होंने गेहूं और एक एकड़ में चना की फसल लगाया है। उन्होंने बताया कि सामने वाले किसानो के पास स्वयं के ट्यूबवेल है। जिससे वे सिंचाई कर लेते हैं लेकिन उन्हें सिंचाई में दिक्कत हो रही है। कमिश्नर ने उनके खेत का अवलोकन करने के बाद जल संसाधन विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए की नहर से पानी का फ्लो बढ़ाएं। कमिश्नर ने सभी किसानों को बताया कि तवा नहर में पर्याप्त पानी है, भरपूर मात्रा में पानी है। किसान जितना पानी मांगेंगे उतना पानी दिया जाएगा।बंमुरिया के किसानों ने बताया कि गांव में नल जल योजना संचालित नहीं है, जल स्तर भी नीचे है। समीप के 1 किलोमीटर दूर के ग्राम भमोरी में नल जल योजना संचालित है। वहां से यदि पाइपलाइन गांव तक लाई जाए तो गांव वालों को भी शुद्ध पेयजल की प्राप्ति हो जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि वे आवश्यक परीक्षण कर ही इस संबंध में ही कोई निर्णय लेंगे।

# अपने कर्तव्य को निभा रहे हैं वरिष्ठ समाजसेवी पं भवानी शंकर शर्मा


### जबावदार तथाकथित अधिकारियों को परवाह नहीं, समस्याएं भुगत रहे हैं नागरिक

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा अपने कर्तव्य को जिस नैतिकता और निर्भीकता के साथ अपने पत्राचार के माध्यम से उठाते हैं। यह उनका दायित्व भी है क्योंकि जब कोई प्रशासनिक अधिकारियों को डर के कारण मुख्य समस्या से अवगत नहीं करा पाता है तब ऐसे समय में पं भवानी शंकर शर्मा ने निश्चित तौर पर अनेक बार अपने फर्ज को अदा करने के लिए कलम उठाई है। यह अलग बात है कि जो जबावदार हैं तथा जिनका मूल कर्तव्य है कि स्वयंमेव ही जन समस्याओं का निराकरण करें। शासन के मुखिया भी चाहते हैं कि जन का कल्याण हो। जन की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो। लेकिन ऐसे भी तथाकथित अधिकारी हैं जिन पर शहर के विशिष्ठ व्यक्ति जन हितेषी समस्याओं के प्रति लिखित में चिठ्ठी के माध्यम से उन्हें अवगत करा रहे हों तब भी वे नजरअंदाज कर रहे हों तब उनकी कर्तव्यनिष्ठा को क्या कहा जाए?

#### एसपी के बाद कलेक्टर को लिखनी पड़ी चिठ्ठी

कुछ समय पूर्व पं शर्मा ने एसपी को एक पत्र के माध्यम से शहर की यातायात व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया था। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। तब उन्हें कलेक्टर को अवगत कराने को मजबूर होना पड़ा। पं शर्मा ने गत दिवस जो पत्र कलेक्टर को प्रेषित किया है उसमें उन्होंने जनहित से जड़ी समस्या की जानकारी दी है। पत्र में लिखा है कि नगर में यातायात विशेषकर सेठानी घाट पर जाने का रास्ता निरंतर दुर्गम होता जा रहा है। स्थिति अत्यंत भयावह है। राजस्व, पुलिस, नगरपालिका का कोई ध्यान नहीं है। ना ही कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं।

बाजार क्षेत्र में नये बन रहे भवन निरंतर 2 से 3 फुट आगे बढ़ाकर बनाये जा रहे हैं। कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। आगे बढ़ी हुई दुकानों के आगे बैठने हेतु बेंचे रख दी जाती हैं फिर दुकानदार के तथा ग्राहक के वाहन दो से तीन लेयर में खड़े रहते हैं। शहर में इस तरह की अव्यवस्था से अराजकता की स्थिति बन रही है।उन्होंने उदाहरण देते हुए लिखा है कि ऑफिस आते वक्त बीच सड़क पर एक भोपाल की गाड़ी टेडी खडी थी उससे वाहन को सीधे खड़े करने को कहा जिससे हमारी गाड़ी निकल जाये तो वह लडने लगा। नपा अध्यक्ष पति का कहना है पुलिस सहयोग नहीं करती, पुलिस का कहना है यह राजस्व विभाग का काम है, राजस्व विभाग नगरपालिका की जबावदारी बताते है। कृपया ऐसी स्थिति में क्या करें। एक दूसरे पर टाल रहे हैं। जिससे शहर के



नागरिक लोग परेशानी भुगतने को विवश हैं। आगे पत्र में लिखा है कि ज्ञात हुआ है कि आप एवं पुलिस अधीक्षक कुछ दिन पूर्व नर्मदा जयंती की तैयारी तथा यातायात व्यवस्था देखने नर्मदा में बोट से आये थे एवं वही से निर्देश देकर चले गये। ऐसे में क्या समस्या समझ आई होगी? यह तो फाइल बिना खोले ऊपर से ही देख कर प्रकरण समझने जैसा हुआ। कुछ समय पूर्व हमने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया था कि दोपहर एवं शाम के समय सरकारी वाहन छोड़कर अन्य गाड़ी से एक बार बाजार का भ्रमण कर लें तो सारी समस्या समझ जायेंगे। कृपया आप एवं पुलिस अधीक्षक एक बार सेठानी घाट तक अन्य वाहन से निरीक्षण करने का कष्ट करें। जिससे वास्तविक समस्या समझ आ सके। ऐसा किऐ जाने में कोई हर्ज भी नहीं है। इसलिए मुख्यालय के हित में ऐसा किया जाए तो निश्चित ही कुछ हद तक समस्या का निदान होने की संभावना बन सकेगी। पं शर्मा ने पत्र की प्रतिलिपि एसपी को भी दी है।

#### कौन सुधारेगा शहर की व्यवस्था?

जब जबावदार ही समस्या व अव्यवस्था को सुधारने पर ध्यन नहीं देंगे तो फिर कौन सुधारेगा? वास्तव में देखा जाए तो शहर में पार्किंग की समस्या एक लाइलाज बीमारी जैसा है। अनेक बार बैठकें हो गई कागजों के पेट भर दिए अधिकारी आते और जाते बने। लेकिन समस्या वहीं की वहीं है। शहरवासी बेहद परेशान हैं। एक जिम्मेदार व्यक्ति होने का फर्ज पं शर्मा ने निभाया है लेकिन अधिकारियों ने इस समस्या को अभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। यह बहुत गलत बात है।

## कमिश्नर कार्यालय में शहीदों की स्मृति में धारण किया गया 2 मिनट का मौन



नर्मदापुरम (निप्र)। कमिश्नर कार्यालय में गुरूवार 30 जनवरी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मौन धारण प्रातः 11:00 बजे से 11:02 बजे तक किया गया। यह आयोजन शहीद दिवस के अवसर पर उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान आयुक्त भवन नर्मदापुरम में संचालित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन धारण किया।

## नागपुर-इंदौर वन्दे भारत ट्रेन का नर्मदापुरम स्टेशन पर हुआ ठहराव

### यात्रियों को फूल-मालाएं पहनाकर सांसद ने किया स्वागत



नर्मदापुरम (निप्र)। रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 20912 नागपुर.-इंदौर वन्दे भारत ट्रेन का गुरुवार को शाम 07.22 पर आगमन हुआ। जिसका होशंगाबाद लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया विधायक सीताशरण शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित रेलवे के अधिकारियों ने स्वागत किया। वंदे भारत एक्सप्रेस से नागपुर और इंदौर जाने के लिए नर्मदापुरम वासियों को इटारसी जाने की जरूरत नहीं नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से ही यात्रियों को वंदे भारत एक्सप्रेस में बैठकर यात्रा प्रारम्भ की जाएगी। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने यात्रियों को फूल.मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस ट्रेन का स्टॉपेज मिलने से नर्मदापरम वासियों में खुशी की लहर है अब नर्मदापुरम से नागपुर जाने के लिए 3.50 घंटे और इंदौर जाने के लिए 4.30 घंटे लगेंगे। सांसद ने बताया कि रेलवे; संशोधन विधेयक 2024 पर लोकसभा में 4 दिसं 24 को हुई चर्चा के संदर्भ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र जारी कर 17 जनवरी 2025 के माध्यम से बताया कि होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में इंदौर.बुदनी नयी लाइन का कार्य प्रगति पर है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बानापुरा, गाडरवारा, इटारसी, करेली, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर और पिपरिया इन 7 स्टेशनों पर विकास कार्य प्रगति पर है। संसदीय क्षेत्र में 500 करोड़ से अधिक की लागत से 29 आरओबी आयूबी का कार्य प्रगति पर है।

# ग्वाल नर्मदा सेना के द्वारा 9 वर्षों से चलाया जा रहा है नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान

### हर गुरूवार को नर्मदा तट के घाटों पर की जाती है साफ सफाई, करते हैं नर्मदे हर का जयघोष





नर्मदापुरम (निप्र)। ग्वाल नर्मदा सेना के द्वारा जीवनदायनी मां नर्मदा के पावन तट पर बीते 9 वर्षों से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। ग्वाल नर्मदा सेना के स्वच्छता अभियान के तहत ग्वाल घाट, जो गोलाकार होने के कारण गोल घाट भी कहलाता है। उसकी विशेष साफ सफाई की गई है।

समाजसेवी धनराज यादव व वरिष्ठ समाजसेवी खेमचंद यादवेश ने बताया कि आने वाली 4 फरवरी को मां नर्मदा के प्रकटोत्सव के अवसर पर ग्वाल नर्मदा सेना के द्वारा मां का प्रकटोत्सव भक्ति भाव के साथ ग्वाल घाट पर ही मनाया जाएगा। पूजन अर्चन वंदन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्वाल नर्मदा सेना के जागरूक युवा एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा विगत 9 वर्षों से शहर के अनेक स्थान पर समय समय पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान निरंतर नियमित रूप चलाया जा रहा है।

इस गुरवार को सदस्यों द्वारा सुबह 9 बजे से 10 बजे तक स्वच्छता जागरुकता अभियान चला कर सभी सदस्यों ने श्रमदान किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में कचरा कूडा मां के तट से हटाकर दूर किया गया। इस अभियान में ग्वाल नर्मदा सेना के वरिष्ठ समाजसेवी खेमचंद यादवेश, अध्यक्ष सुनील पप्पू यादव मोहन यादव शैलेंद्र यादव, सुनील यादव, धनराज यादव, पार्षद नरेंद्र पटेल, तुकाराम यादवेश, कपिल यादव सहित अन्य सदस्यों ने श्रमदान किया एवं घाट की साफ.सफाई की नर्मदा के जल में फूल माला एवं अन्य प्रकार का कचरा निकाला जाता है। सभी ने कहा कि इस दौरान मां के जल में स्नान करने वाले सज्जनों से विनम्रतापूर्वक साबुन नहीं लगाने, तथा पोलीथिन नहीं लाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाता है।नर्मदा तट पर अनेक समाजसेवी अलग अलग दिनों में घाटों पर साफ सफाई करते हैं। समाजसेवी धनराज यादव ने बताया कि उनकी मित्र मंडली के लोग हर गुरूवार को नर्मदा तट के घाट पर साफ सफाई करते हैं। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा के तट पर पहुंच कर घाटों पर साफ सफाई करने से मन प्रसन्न हो जाता है। साफ सफाई करने के बाद नर्मदेहर के जय घोष से समापन किया जाता है।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 105 चालकों की हुई जांच, बाटे गए चश्में

नर्मदापुरम (निप्र)। गुरूवार 30 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम के स्थानीय बस स्टैंड में आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश देहलवार के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जिन वाहन चालकों एवं सहचालकों को निकट दृष्टि या दूर दृष्टि की समस्या पाई गई, उन्हें निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया एवं जिन वाहन चालकों में मोतियाबिंद की समस्या मिली उन्हें निशुल्क ऑपरेशन के माध्यम से अपनी आंखों का इलाज करने हेतु जिला अस्पताल बुलाया गया।शिविर में कुल 105 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें 27 चालकों को पास का देखने में समस्या होने पर चश्मे दिए गए तथा 5 चालकों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें जल्द जिला अस्पताल आकर ऑपरेशन के माध्यम से आंखों का इलाज कराने की सलाह दी गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर छीतापुरा सोसाइटी से किसानों को 70 बोरी खाद का वितरण किया गया




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर काला आखर समिति के केंद्र छीतापुरा में 21 किसानों को 70 बोरी खाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केसरी की बैठक में सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने आदिवासी किसानों को छीतापुरा से काला आखर समिति से खाद लेने जाने में होने वाली परेशानियों का जिक्र किया गया था और यह मांग की थी कि छीतापुरा में ही केंद्र खोलकर किसानों को खाद्य वितरण किया जाए। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर छीतापुरा में ही सोसाइटी उप केंद्र खोल दिया गया है। आज इस सोसाइटी से 21 किसानों को 70 बोरी खाद का वितरण किया गया। आदिवासी किसानों ने उक्त पहल के लिए विधायक प्रेम शंकर वर्मा एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना को धन्यवाद ज्ञापन किया है।

### नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट में मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया गया

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय में 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है की शासन के द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2025 को मध्यप्रदेश में मद्य निषेध संकल्प दिवस जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर कार्यालय नर्मदा पुरम में मध्य निषेध संकल्प दिवस के उपलक्ष में जिला कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नशा मुक्ति की शपथ लेकर संकल्प लिया गया।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल में माइक्रो मिनी क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के खेल मैदान में गुरूवार को द चैम्पस फन स्कूल और स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्रों लिए माइक्रोदृमिनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे रवींद्रनाथ टैगोर हाउस, सुभाष चंद्र बोस हाउस, विवेकानंद हाउस, श्री अरविंदो हाउस और द चैम्पस फन स्कूल के प्रतिभागियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी ने सभी छात्रों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी तथा डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी द्वारा किया गया। डायरेक्टर जूही चटर्जी द्वारा टॉस उछालकर मैच की ओपनिंग की गई। पहला मैच सुभाष चंद्र बोस हाउस और रवींद्रनाथ टैगोर हाउस के बीच खेला गया। प्रतिभागियों में क्रिकेट के प्रति जोश व उत्साह देखने को मिला। दूसरा मैच विवेकानंद हाउस और श्री अरविंदो हाउस के बीच खेला गया। तीसरा मैच सुभाषचंद्र बोस हाउस और श्री अरविंदो हाउस के बीच हुआ। फाइनल मैच सुभाष चंद्र बोस हाउस और द चैम्पस फन स्कूल के बीच खेला गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुश्री वंदना रघुवंशी जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर, अनुराग मिश्रा मानसेवी सचिव नर्मदापुरम क्रिकेट एसोसिएशन, स्कूल डायरेक्टर अरुण कुमार गोस्वामी और डॉ आशीष चटर्जी रहे। मैच में द चैम्प्स फन स्कूल की टीम को हराकर सुभाष चंद्र बोस हाउस प्रथम स्थान पर रहा। माइक्रोदृमिनी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैन ऑफ द मैच देव ठाकुर, अर्थ गुप्ता, हितार्थ मूलचंदानी, मोहम्मद आजाद रहे । बेस्ट बैट्समैन अर्थ गुप्ता, बेस्ट बॉलर देव ठाकुर, बेस्ट फील्डर मोहम्मद आजाद तथा मेन ऑफ द सीरीज हितार्थ मूलचंदानी रहे। संचालन डॉ नीतू तिवारी ने किया। संपूर्ण टूर्नामेंट खेल शिक्षक गोविंदा झारखंडे, अनुराग चौधरी, कामिनी गहलोत, गोपाल पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# किसानों को जागरूक करने गांव-गांव किसान खेत पाठशाला का आयोजन

### किसान खेत पाठशाला: पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती और नरवाई प्रबंधन कर किसानों को सशक्त बनाना अपनी फसल, भूमि और पर्यावरण की रक्षा करें- जहरीले रसायनों का विवेकपूर्ण प्रयोग करें




नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने, नरवाई में आग लगने के दुष्परिणामों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन कर खेती से शुद्ध आय में वृद्धि करने एवं ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए जिले के प्रत्येक ग्राम में दिनांक 15 जनवरी 2025 से निरंतर किसान खेत पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि जे.आर हेडाऊ ने बताया कि गेहूँ फसल की कटाई के बाद किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की बोवनी की जाती है। किसानों को सलाह दी जाती है कि फसल के अवशेष या नरवाई जलाकर नष्ट करने की अपेक्षा उनका उचित प्रबंधन कर, भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पर्यावरण को प्रभावित किए बिना अधिक उपज प्राप्त करें। नरवाई में आग लगाने से मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म जीवाणु, केचुएं व अन्य लाभकारी जीव नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी की जैव-विविधता समाप्त हो जाती है। नरवाई के साथ कार्बनिक पदार्थ एवं पोषक तत्व जल जाने के कारण मिट्टी की उपजाऊ शक्ति नष्ट हो रही है। इस कारण से समान उपज प्राप्त करने के लिए किसान भाईयों द्वारा वर्ष दर वर्ष और अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जा रहा है। खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम होने से मृदा कठोर हो रही है और भूमि की जल धारण क्षमता कम हो रही है। नरवाई जलाने से निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषित होता है, जोकि मानव समाज, पशु-पक्षीयों के स्वास्थय को प्रभावित कर रहा है। नरवाई की आग आस-पास के खेत, खलिहान, घरों को अपनी चपेट में ले लेती है, जोकि बड़े हादसों का सबब बन जाती है। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि, गेहूँ की कटाई के बाद खेत में बचे हुए फसल अवशेष को जलाने के बजाय नरवाई का उचित प्रबंधन करें। आधुनिक तकनीक से निर्मित सुपर सीडर यंत्र एवं पूसा डी-कम्पोजर के प्रयोग से सकारात्मक व सफल परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।खेत की मिट्टी के प्रकार, फसल की अवस्था और मौसम की स्थिति अनुसार सही समय पर, सही विधि से, सही मात्रा में डाला गया उर्वरक ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन है। कृषि भूमि की सेहत, फसल की आवश्यकता और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के विषय में पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण, किसान भाई आमतौर पर एक ही प्रकार के उर्वरक का आवश्यकता से अधिक प्रयोग करते हैं, जो न सिर्फ कृषि उपज की गुणवत्ता के लिए खतरनाक है बल्कि मिट्टी की संरचना, सेहत एवं उर्वरा शक्ति को हानि पहुंचाते हैं, साथ ही इससे भूमिगत जल में उर्वरक रसायन की मात्रा बढ़ जाती है इससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। आवश्यकता से अधिक मात्रा में आदान साम्रगी उर्वरकों का प्रयोग करने से खेती की शुद्ध आय में भी कमी आती है। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण अवश्य कराएं तथा फसल में एकमुश्त एक बार में ही संपूर्ण उर्वरक न देकर, अनेक बार में फसल की कांतिक अवस्थाओं पर अनुशंसित सही मात्रा का, सही विधि से उर्वरकों का प्रयोग करें।

## रतलाम में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस और बैडमिंटन स्पर्धा का किया गया आयोजन

### मध्य क्षेत्र की टेबल टेनिस और बैडमिंटन टीम अंडर 50 आयु समूह में राज्य विजेता बनी

नर्मदापुरम (निप्र)। संभागीय उपायुक्त अनुसूचित जाति तथा जनजातीय कार्य नर्मदापुरम जे.पी. यादव ने बताया कि रतलाम में जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की राज्य स्तरीय टेबल टेनिस और बैडमिंटन स्पर्धा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मध्य क्षेत्र (नर्मदापुरम, भोपाल संभाग) की टीम ने 50 वर्ष से कम आयु वर्ग में टेबल टेनिस और बैडमिंटन स्पर्धा में पश्चिम क्षेत्र (इंदौर, उज्जैन संभाग) को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। टेबल टेनिस स्पर्धा में मध्य क्षेत्र की जीत में अंकित सिंह माध्यमिक शिक्षक, हर्षित कौरव क्षेत्र संयोजक और हर्षित द्विवेदी उच्च माध्यमिक शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि बैडमिंटन स्पर्धा में शालिनदास माध्यमिक शिक्षक, नीरज वर्मा पी.जी.टी. और आदित्य साकरे टी.जी.टी. ने अपनी प्रतिभा दिखाई। दोनों ही खेलों में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मध्य क्षेत्र की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता, जबकि पश्चिम क्षेत्र की टीम विजेता रही। स्पर्धा के समापन पर सहायक आयुक्त रतलाम श्रीमती रंजना सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। स्पर्धा का संचालन अजय सिंह बेस, खेल प्रशिक्षक जनजातीय कार्य विभाग रतलाम के नेतृत्व में किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com